Since 1974

JEWELLERS ASSOCIATION JAIPUR

# जैम वर्ल्ड

ज्वैलर्स असोसिएशन, जयपुर की आधिकारिक पत्रिका

## दुनिया का सबसे बड़ा पन्ना

### चिपमबेले



**JAGS** JEWELLERS ASSOCIATION GEMSTONE SHOW
देश का एकमात्र जेमस्टोन शो

**साक्षात्कार**
शर्मिल माथुर

**प्रसिद्ध ब्लॉगर**
प्रीता अग्रवाल


C.I. Bogotá Emerald Mart S.A.S.
Miner and Exporter of Colombian Emeralds.
All qualities, cut and rough.
Av. Jiménez No. 5-43 Of. 801 Bogotá - Colombia
Tels: (571) 342 0966 - 342 0015 - 342 2860
www.bem.com.co - bem@bem.com.co - benny@bem.com.co
BENNY
www.bem.com.co
2021 -5781
MEMBER
Benny Bazalel
+57 310 219 5000
Jonny Bazalel
+57 313 294 0430
Shareholder of:
Empavas Mine in Muzo/Quipama
Calceteros and Buenos Aires Mine in Coscuez



GEM WORLD
JAS
GEM BOURSE
JANOPYOGI BHAWAN
DHARAM KANTA
JEA
JAGS

Since 1974

# जैम वर्ल्ड

ज्वैलर्स असोसिएशन, जयपुर की आधिकारिक पत्रिका

सितम्बर-अक्टूबर 2021 | Volume XXXIX No.6

Regd. with R.N.I. No. 26126/74

## वि ष य - सू ची

13 JAGS रफ एंड कट शो

14 **म्यूनिख शो**
अंतरराष्ट्रीय व्यापार जगत

16 **दुबई शो**
दमकती आभा

18 **आईआईजेएस बेंगलुरु**
बदलाव की बहार

20 **नेशनल जूलरी अवार्ड्स(NJA)**
10वां संस्करण

23 GJSCI **सम्मानित हुई प्रतिभाएं**

24 **मार्केट अपडेट**
के के चूड़ीवाला

27 **साक्षात्कार:** शर्मिल माथुर

30 **महानगरीय मुलाकात**
चर्चा मुंबई ट्रेड और ट्रेंड्स की

35 **ब्रोकरेज** एक अद्भुत विरासत

38-39 **जैमफील्ड्स** EXHIBITIONS

**कवर स्टोरी**
**"चिपमबेले"**
**सबसे बड़ा पन्ना**

41 **फ्यूरा** AUCTIONS



43 **डिजिटल और ट्रेंडिंग**
ब्लॉगर प्रीता अग्रवाल



46 **ट्रेंडी अफेयर्स**
ज्वैलरी डिज़ाइन के नए ट्रेंड्स

52 **डिज़ाइन स्पीक**
जाने डिज़ाइनर को






कवर क्रेडिट:
**जैमफील्ड्स**

**प्रकाशन**
**ज्वैलर्स असोसिएशन**
**जौहरी बाजार, जयपुर 302 003 (भारत)**
**टे: +91 141 4034112-13**
**फे : +91 141 2560125**
**ई: gemworld@jajaipur.com**
**वेब: www.jajaipur.com**

**संपादक और डिजाइन**
Splashierz Design
+91 77427 25334

**विज्ञापन, टैरिफ या अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:**
**टे: +91 141 4034112-13 मो: +91 87696 64864 | +91 99502 11331**
**ई: gemworld@jajaipur.com**

डिस्क्लेमर

पत्रिका में विभिन्न लेखों में दिए गए विचार लेखकों के हैं, इनमे किसी भी प्रकार की त्रुटियों के लिए ज्वैलर्स असोसिएशन, जयपुर का कोई दायित्व नहीं होगा।

JEWELLERS
ASSOCIATION
JAIPUR

# जैम वर्ल्ड
# 2021-2022

## सलाहकार मंडल



**राम शरण गुप्ता**
अध्यक्ष



**अशोक माहेश्वरी**
मानद सचिव



**नीरज लुणावत**
संयोजक जैम वर्ल्ड



**आलोक सौंखिया**
उपाध्यक्ष



**अभिषेक सांड**
सदस्य



**महेश खण्ड़ेलवाल**
सदस्य



**नरेश अगरोया**
सदस्य



**सुधीर कुमार ठोलिया**
सदस्य

JEWELLERS ASSOCIATION JAIPUR

# कार्यकारी समिति
## 2021-2022


राम शरण गुप्ता
अध्यक्ष


आलोक सौंखिया
उपाध्यक्ष


अशोक माहेश्वरी
मानद् सचिव


नीरज लुणावत
संयुक्त सचिव


राजू अग्रवाल मंगोडीवाला
कोषाध्यक्ष


अभिषेक सांड
सदस्य


अजय गोधा
सदस्य


डी.पी. खण्ड़ेलवाल
सदस्य



गोविन्द प्रकाश अग्रवाल
सदस्य


महेश खण्ड़ेलवाल
सदस्य



मुकेश विजय
सदस्य


नरेश अगरोया
सदस्य


निर्मल कुमार बरड़िया
सदस्य


राजेश जैन
सदस्य


राजेश धामाणी
सदस्य


संजय काला
सदस्य


सुनील बटवाड़ा
सदस्य


विजय केड़िया
सदस्य

JEWELLERS ASSOCIATION JAIPUR

# उप-समितियां 2021-2022

**अध्यक्ष श्री रामशरण गुप्ता एवं मानद् मंत्री श्री अशोक माहेश्वरी सभी उप-समितियों में पदेन सदस्य होंगे।**

**समाज सेवा**
**संयोजक**
आलोक सौंखिया
**सदस्य**
गौरव जैन
महेश खण्ड़ेलवाल
नीरज लुणावत
राजू अग्रवाल मंगोड़ीवाला
डी.पी. खण्ड़ेलवाल
राजेश धामाणी
अदित बरड़िया

**B.2.B शो JAGS**
**संयोजक**
मुकेश विजय
**सदस्य**
शैलेष कुमार मेहता
अभिषेक सांड
अब्दुल शकूर लाली
अमित विजय
अरूण मोदी
आशीष बंग माहेश्वरी
घनश्याम बिलसोरा
कुंजन घीया
संजीव गुप्ता

**धर्मकांटा एवं फोटोग्राफी**
**संयोजक**
अशोक माहेश्वरी
**सदस्य**
अभिषेक मालपानी
गौरव फोफलिया
नरेश अगरोया
रितिक माहेश्वरी

**जनोपयोगी भवन**
**संयोजक**
अजय गोधा
**सदस्य**
गोविन्द प्रकाश अग्रवाल
अरविन्द गुप्ता
बाल किशन गुप्ता
महेन्द्र जैन (जापानवाला)
नीलकण्ठ भंडारी
राम नारायण नांगलिया
सतीश अग्रवाल
सुनील नाहर
सुरेन्द्र सुराणा
उमेश सोनी

**शोध, विकास एवं मैन्यूफेक्चरिंग**
**संयोजक**
राजेश धामाणी
**सदस्य**
अजय बक्षी
अजय गोधा
अजय खण्ड़ेलवाल
अमित कोटावाला
घनश्याम साहू
जीतू पटेल
महावीर ड़ागा
महेश फतेहपुरिया
मनोज अग्रवाल
पारस ठोलिया
प्रकाश बैद
राजेश सेठ
राकेश कोचर
संदीप कटारिया
शांति शाह
श्रीयांश धांधिया
विवेक दाधीच

**ज्वैलर्स असोसिएशन शो JAS**
**संयोजक**
राजेश धामाणी
**सह-संयोजक**
कृष्ण कुमार अग्रवाल
नरेश अगरोया
**सदस्य**
अभिषेक रानीवाला
अभिषेक सांड
अजय गोधा
आलोक सौंखिया
अनिल ताम्बी
अरूण कोठारी
अरूण कुमार गोखरू
अरविन्द गुप्ता
बजरंग बाहेती
डी.पी. खण्ड़ेलवाल
गौरव जैन
गोविन्द प्रकाश अग्रवाल
महेन्द्र लुहाड़िया
महेश खण्ड़ेलवाल
मुकेश विजय
नीरज लुणावत
निर्मल कुमार बरड़िया
राघव खण्ड़ेलवाल
राजेश जैन
राजेश नाहर
राजू अग्रवाल मंगोड़ीवाला
रूपेश ताम्बी
संचित टाटीवाला
संजय काला
शुभांग मित्तल
सुधीर ठोलिया
सुनील बटवाड़ा
सुनील गुप्ता
सुरेश ढढ्ढा
विजय केड़िया
यशेष ताम्बी
नितिन गिलारा

JEWELLERS ASSOCIATION JAIPUR

# उप-समितियां 2021-2022

**अध्यक्ष श्री रामशरण गुप्ता एवं मानद् मंत्री श्री अशोक माहेश्वरी सभी उप-समितियों में पदेन सदस्य होंगे।**

**यंग एंट्रेप्रेन्योर व डिजिटाइजेशन**
**संयोजक**
अभिषेक सांड
सदस्य
आलोक सौंखिया
नीरज लुणावत
राजू अग्रवाल मंगोडीवाला
शिरीष अग्रवाल
विनीष अग्रवाल

**जेम वर्ल्ड सलाहकार मंडल**
**संयोजक**
नीरज लुणावत
**सदस्य**
अभिषेक सांड
आलोक सौंखिया
महेश खण्ड़ेलवाल
नरेश अगरोया
सुधीर ठोलिया

**कर, विधि, आयात-निर्यात संवर्धन एवं कस्टम**
**संयोजक**
संजय काला
**सदस्य**
अरूण गोखरू
डी.पी. खण्ड़ेलवाल
राजेश धामाणी
विजय केड़िया
सुनील शर्मा

**पंच फैसला**
**संयोजक**
विजय केड़िया
**सदस्य**
निर्मल कुमार बरड़िया
ओम प्रकाश डंगायच
श्याम सुन्दर खटोरिया

**ट्रेड रेग्यूलेटरी कमेटी (टी.आर.सी.)**
**संयोजक**
डी.पी. खण्ड़ेलवाल
**सदस्य**
अशोक सौंखिया
दिनेश कुमार खटोरिया
कमल कुमार कोठारी
विजय केड़िया

**व्यापारिक सुरक्षा**
**संयोजक**
राजेश जैन
**सदस्य**
अनिल कुमार अग्रवाल
अरविन्द गुप्ता
भरत आर. पटेल
डी.पी. खण्ड़ेलवाल
सुरेश गुप्ता

**वित्त संग्रह**
**संयोजक**
विजय केड़िया
**सदस्य**
डी.पी. खण्ड़ेलवाल
महेन्द्र कुमार अग्रवाल
सुनील मनिहार

**विधान संशोधन**
**संयोजक**
संजय काला
**सदस्य**
अरूण गोखरू
डी.पी. खण्ड़ेलवाल
कमल कुमार कोठारी
निर्मल कुमार बरड़िया

**रत्न दलाल**
**संयोजक**
अजय गोधा
**सदस्य**
राजेश धामाणी
गौरव फोफलिया
हरीश खण्ड़ेलवाल (भुखमारिया)
महेश गुप्ता
मनीष लुहाड़िया
मनोज अग्रवाल
मनोज गंगवाल
राहुल छाबड़ा
संजय माहेश्वरी
विनोद कुमार गुप्ता (AVD)

**सदस्यता प्रवेश-पत्र जाँच**
**संयोजक**
डी.पी. खण्ड़ेलवाल
**सदस्य**
अरविन्द गुप्ता
राजू अग्रवाल मंगोडीवाला
रूपेश ताम्बी
यशेष ताम्बी

**सेमीनार**
**संयोजक**
संजय काला
**सदस्य**
गौरव जैन
सुधीर ठौलिया
राजेश जैन
नीरज लुणावत
राजेश धामाणी
सुनील बटवाड़ा

GEMFIELDS



Responsibly sourced Zambian emeralds and Mozambican rubies.
Championing transparency and trust in the coloured gemstone industry.

GEMFIELDS.COM


valentine
JAIPUR
VALENTINE JEWELLERY INDIA PVT.LTD.
E: order@valentinejewelleryindia.com, T :+91 141 2771772/3
VALENTINE JADAU
E: val.jadau@gmail.com, T : +91 - 7412077882/3
25 Years of Excellence
G1 - 15, Gem & Jewellery Zone, EPIP, Sitapura, Jaipur, India-302022.
For more information please visit : www.valentinejaipur.com









**Corporate Office**
RMC Gems India Ltd.
24, Bardiya Colony, Museum Road,
Jaipur 302004 India
Tel: 91-141-2533050,2533092
Email: rmc@rmcgems.in

RMC
www.rmcgems.in

**SEZ Factory**
RMC Gems India Ltd.
G1-18 & 19, SEZ Phase 1, Sitapura Industrial Area,
Tonk Road, Jaipur 302022 India
Tel: 91-141-2770687 Fax: 91-141-2770669
Email: rmc@rmcgems.in



# LUNAWAT GEMS CORPORATION

MANUFACTURER : EXPORTER : IMPORTER






WWW.JAIPURGEM.COM

2135-36,Lunawat House,Haldion Ka Rasta Johari Bazar,
Jaipur,302003(Raj.)india
TEL NO: +91-141-257-1401,+91-141-2571402
Email-contact@lgcindia.com,lunawatgem@gmail.com




JAGS
JEWELLERS ASSOCIATION
GEMSTONE SHOW
ROUGH & CUT STONE SHOW
One and Only
Exclusive Gem Stone
Show of India.
JEWELLERS' ASSOCIATION
JAIPUR
SINCE 1927
252, Johari Bazar, Jaipur
Ph: +91 9314467174, 0141- 4034113
Email: info@jajaipur.com
www.jajaipur.com

JAGS
JEWELLERS ASSOCIATION GEMSTONE SHOW

# जल्द ही बन सकता है दो दिवसीय शो



शो का उद्घघाटन करते हुए श्री गौरव जैन, प्रेसिडेंट, सीतापुरा जेम्स और ज्वैलरी असोसिएशन, जयपुर व श्री निखिल जैन, डायरेक्टर, विनायक ज्वैलर्स इंडिया प्रा. लि.

ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर की ओर से आयोजित होने वाला ज्वैलर्स असोसिएशन जेमस्टोन शो (JAGS) अब शीघ्र ही दो दिवसीय शो के रूप में नज़र आ सकता है। गत 23 अक्टूबर, 2021 को जनोपयोगी भवन, जयपुर में आयोजित किए गए इस शो को लेकर देश और दुनिया के रफ एवं कट व्यवसायियों से बेहद उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली है, जिसके बाद ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर की ओर से इसकी अवधि को बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है। यह शो व्यवसाय में सुधार एवं उन्नति के लिए एक बेहतरीन पहल साबित हुआ हैं।

JAGS शो ने बेहद कम समय में रंगीन रत्नों के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित मुकाम हासिल किया है। यह शो न सिर्फ जेमस्टोन क्षेत्र के लघु एवं मध्यम स्तर के निर्माताओं और व्यापारियों के बीच अटूट विश्वास की मजबूत कडी बना है, बल्कि उनसे देशभर के खरीदारों को जोडने और व्यापार को आगे बढाने में भी इस शो ने अहम भूमिका निभाई है।

"रफ एंड कट शो को मिली प्रतिक्रिया काफी उत्साहजनक रही है। इस संस्करण में 60 बूथ थे और इसमें व्यावसायिक गतिविधियां बहुत उत्साहजनक रही है। इसमें भारत के विभिन्न शहरों के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय खरीदार भी मौजूद रहे। चाहे वह एग्जिबिटर्स हो या खरीदार, दोनों पक्षों के बीच व्यापार और बातचीत बेहद अच्छी रही। ऐसे में सभी सेगमेंट से मिले फीडबैक के आधार पर इस प्रतिष्ठित शो का आयोजन दो दिनों के लिए करने पर विचार किया जा रहा है।"

**मुकेश विजय**
संयोजक, JAGS
ज्वैलर्स असोसिएशन, जयपुर












# म्यूनिख शो

# महामारी के बाद लौटी रौनक

जर्मनी के खूबसूरत शहर म्यूनिख में गत 22 से 24 अक्टूबर, 2021 तक बहुप्रतीक्षित वार्षिक ट्रेड शो “म्यूनिख शो” आयोजित किया गया। इसमें दुनिया के अनेक हिस्सों से एग्जिबिटर्स और ट्रेड एक्सपर्ट के साथ बड़ी संख्या में विजिटर्स ने शिरकत की। शो में एक प्रमुख एग्जिबिटर के तौर पर शामिल हुए ट्रेड एक्सपर्ट क्रिश्चियन वेंज से हमनें मुलाकात की और शो से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियों के बारे में उनसे चर्चा की। प्रस्तुत है वेंज से हुई बातचीत के चुनिंदा अंश...

**सवाल : सभी को म्यूनिख शो का ब्रेसब्री से इंतजार था। शो के इस संस्करण में कैसी प्रतिक्रिया सामने आई ?**

**जवाब :** सही मायनों में हमनें काफी कुछ हासिल किया है। अब हालातों में तेजी से बदलाव हो रहा है और कोरोना आने से पहले जैसी स्थिति फिर से होने लगी है। मेरे लिहाज से हमनें करीब 60 प्रतिशत तक नतीजें हासिल कर लिए है, और शीघ्र ही हम पहले की भांति व्यापार करने की स्थिति में आ जाएंगें। म्यूनिक शो को लेकर खरीदारों में जबरदस्त क्रेज रहा और आयोजन भी काफी हद तक सफल रहा। इस वर्ष खास तौर पर इनहोर्गेंटा शो को ध्यान में रखते हुए शो को बढ़ाया गया, जिससे कलर स्टोन के सेग्मेंट के एग्जिबिटर्स को भी शामिल किया जा सके।

**सवाल : क्या यह कोविड महामारी के बाद पहला शो है? इससे आपकी क्या उम्मीदें थीं?**

**जवाब :** यह शो कोविड की महामारी के बाद पहला बड़ा शो था। वास्तव में शो को लेकर लंबें समय तक स्थिति साफ नहीं थी, क्योंकि कोविड प्रतिबंधों के कारण यह सोच पाना मुश्किल था कि शो होगा या इसे फिर से टाल दिया जाएगा।

शो में कोविड नियमों की अनुपालना सख्ती से सुनिश्चित की गई थी, जिसका इसकी सफलता में काफी योगदान रहा।

**सवाल : म्यूनिख शो के बाद आप किस तरह के बदलाव/विकास की उम्मीद करते हैं?**

**जवाब :** दुनियाभर में यात्रियों की आवाजाही पर प्रतिबंधों के बावजूद हमनें ग्राहकों को माल की एक विस्तृत श्रृंखला पेश की है। हमनें यहां ग्राहकों को हमारी भविष्य की योजनाओं के बारे में बेहतर तरीके से समझाया और उन्होंने भी काफी अच्छा फीडबैक दिया। ऐसे में हमें उम्मीद है कि अब उनसे हमारे संबंध अधिक मजबूत बनेंगे।



**सवाल : इस शो में दुनिया भर से पार्टिसिपेंट्स और विजिटर्स आते हैं। इनमें इस वर्ष कौन से देश प्रमुख रहे ?**

**जवाब :** कोविड की महामारी के कारण यूरोपीय संघ के बाहर से आने वाले ग्राहकों की संख्या कम थी। फिर भी बड़ी संख्या में आए यूरोपीय ग्राहकों का स्वागत करने में हमें बहुत खुशी हुई।

**सवाल : आप इस शो की तुलना महामारी से पहले हुए शोज से कैसे करेंगे?**

**जवाब :** महामारी से पहले की तुलना में इस वर्ष शो में उतने एग्जिबिटर्स और ग्राहक नहीं थे, लेकिन स्थितियां अब तेजी से सामान्य हो रही है। यहां कारोबारियों में गजब का उत्साह नजर आया और व्यापार को लेकर सभी का रूख सकारात्मक था, जो वास्तव में सभी के लिए बेहद अच्छा है।



**सवाल : महामारी के कारण व्यापार पर कितना गहरा असर पड़ा है?**

**जवाब :** निश्चित रूप से, महामारी के कारण व्यापार प्रभावित हुआ था, क्योंकि सीमायें बंद होने के कारण बिक्री बंद थीं। इसके कारण दुनियाभर में व्यापार को लेकर एक असमंजस्य की स्थिति रही, जो कुछ जगह अभी भी जारी है। कई स्थानों पर हालात अभी भी नाजुक बने हुए है।

**सवाल : क्या आप शो के इस संस्करण में खरीद/बिक्री के पैटर्न में कोई बदलाव देखते हैं?**

**जवाब :** इस बार ग्राहकों द्वारा उच्च गुणवत्ता वाली वस्तुओं पर ध्यान दिया गया। इन्फ्लुएंसर शो में घुलमिल गए और कारोबारी आशावादी थे।

**सवाल : आपकी राय में आने वाले वर्ष में क्या ट्रेंड्स हो सकते हैं?**

**जवाब :** मेरे लिहाज से आने वाले समय में सभी का फोकस हाई क्वालिटी पर रहेगा। ऐसे में उच्च गुणवत्ता वाली रफ और तैयार माल का निष्पादन प्रमुख ट्रेंड्स हो सकते है।

**सवाल : इस साल शो की मुख्य बातें क्या हैं?**

**जवाब :** दुनिया में तमाम हालातों के बावजूद भी यह शो हुआ, यहीं इसका मुख्य आकर्षण है। इसके अलावा प्रमुख हाइलाइट्स में मल्टी-मीडिया चैनलों के माध्यम से म्यूनिख शो के विशेष आइटम्स की पोस्ट्स ने भी सभी का ध्यान आकर्षित किया। इन पोस्ट्स को देखना सभी को बेहद अच्छा लग रहा था और यह दिलचस्प भी था।

GJEPC INDIA

# दुबई शो में
# भारतीय आभूषणों का जलवा




समारोह में संयुक्तत अरब अमीरात में भारत के तत्काकलीन राजदूत पवन कपूर का स्वागत करते हुए कॉलिन शाह।

जेम्स एंड ज्वैलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल की ओर से दुबई में आयोजित तीन दिवसीय ज्वैलरी शो (IGJS 2021) ने दुबई वासियों को अपनी चमक का दीवाना बना दिया। बेहतरीन रत्न, खूबसूरत साजसज्जा और दिलकश आभूषणों के संगम के लिए आभूषण प्रेमियों की जमकर भीड़ उमड़ी। कोविड की लहर के बाद यह पहला इंटरनेशनल शो था, जिसमें दुनियाभर के ज्वैलर्स ने फिजिकल तौर पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई।

दुबई गोल्ड एंड ज्वैलरी ग्रुप के सहयोग से IGJS 2021 के दुबई संस्करण का आयोजन किया गया। शो के सह-प्रायोजक इंटरनेशनल जेमोलॉजिकल इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड थे। कोविड की महामारी के बाद व्यावसायिक गतिविधियों और त्यौहारों से पहले अंतरराष्ट्रीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिहाज से शो एक सफल आयोजन था।

IGJS 2021 में 70 से ज्यादा भारतीय निर्माताओं और 550 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय खरीददारों ने हिस्सा लिया। बड़ी संख्या में



दुनिया भर से ज्वैलरी जगत के निर्माताओं, रिटेलर्स और इम्पोर्टर्स ने हिस्सा लेकर इस शो को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। इसके साथ ही डिजाइन हाउसेज, डायमंड व जेमस्टोन तराशने वाले, ज्वैलरी निर्माता और स्वतंत्र रिटेलर्स ने भी शो में हिस्सा लिया। इस बहुप्रतीक्षित शो में दुनियाभर से लोगों की भागीदारी रही। यहां आने वाले खरीददारों में रूस, भारत, सऊदी अरब, बहरीन, ईरान, लेबनान, उज्बेकिस्तान, यूएई, यूएसए, नेपाल, श्रीलंका, यूके, पाकिस्तान, मिस्र, फ्रांस, इटली, कुवैत और ओमान सहित अन्य देशों के खरीददार शामिल थे।

शो का उद्घाटन संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में भारत के राजदूत पवन कपूर ने किया। उन्होंने कहा कि वैश्विक रत्न और आभूषण उद्योग में भारत का योगदान 27 प्रतिशत है। हमें इस शेयर को आगे बढ़ाने के लिए और अधिक अवसर पैदा करने का प्रयास करना चाहिए। यह लगभग 16 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था में सबसे तेजी से बढ़ते क्षेत्रों में से एक है।

उद्घाटन समारोह में चंदू सिरोया, उपाध्यक्ष; दुबई गोल्ड एंड ज्वैलरी ग्रुप, कॉलिन शाह, अध्यक्ष, जीजेईपीसी; दिलीप शाह, संयोजक, इन्टरनेशनल एक्जिबिशन, जीजेईपीसी; और सब्यसाची रे, कार्यकारी निदेशक, जीजेईपीसी भी उपस्थित थे। जीजेईपीसी के अध्यक्ष कॉलिन शाह ने बताया कि भारत मध्य पूर्व में एक प्रमुख केंद्र है, जिसका आभूषण निर्यात में 40 प्रतिशत योगदान है।




# ज्वैलर्स को सौगात
## कीमती धातुओं की सेज में आवाजाही आसान हुई

भारत सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने अब एजेंसियों और ज्वैलरी निर्माताओं के पक्ष में एक ऐतिहासिक निर्णय की सौगात दी है। मंत्रालय की ओर से अब नामित एजेंसियों के माध्यम से एक सेज से दूसरे सेज में कीमती धातुओं और अन्य सामानों के लाने अथवा ले जाने की अनुमति जारी कर दी गई है। इस पहल से नामांकित एजेंसियों के अलावा सोने और चांदी के निर्माताओं को भी राहत



मिलेगी। इससे आवागमन आसान होने के साथ-साथ सामान को लाने एवं ले जाने की लागत में भी काफी कमी आएगी। उल्लेखनीय है कि इस संबंध में GJEPC ने एजेंसियों और ज्वैलरी निर्माताओं की समस्या को समझते हुए ज्वैलरी ट्रेड में निर्माण को आसान बनाने के लिए सरकार पर दबाव बनाया था, जिसके बाद सरकार की ओर से मामले में आदेश जारी किए गए।

# आईआईजेएस बेंगलुरु

## आईआईजेएस प्रीमियर 2021 के 37वें संस्करण को देखने देश-दुनिया से आए विजिटर्स

कोविड की महामारी से उभरा ज्वैलरी का उद्योग

संवाद सत्र में केन्द्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल से हुई ज्वैलर्स की चर्चा


आभूषण और बेशकीमती रत्नों की आभा से कर्नाटक स्थित बेंगलुरू इंटरनेशनल एक्जिबिशन सेंटर (बीआईईसी) चमक उठा और इन आभूषणों को देखने के लिए देश- दुनिया से हजारों की संख्या में विजिटर्स ने शिरकत की। दरअसल, यह खूबसूरत नज़ारा जेम्स एंड ज्वैलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (जीजेईपीसी) की ओर से आयोजित पांच दिवसीय आईआईजेएस प्रीमियर 2021 के 37वें संस्करण के दौरान बीआईईसी पर दिखाई दिया।




बीते 30 वर्षों से मुंबई स्थित बॉम्बे एक्जिबिशन सेंटर में आयोजित होने वाले इस शो का स्थान इस बार कोविड प्रतिबंधों और विशेष प्रोटोकॉल के तहत कर्नाटक स्थित बेंगलुरू इंटरनेशनल एक्जिबिशन सेंटर (बीआईईसी) किया गया था, जहां इसे लेकर जबरदस्त उत्साह दिखाई दिया।

आयोजको ने बताया कि आईआईजेएस 2021 कोविड महामारी के बाद दुनिया का पहला सबसे बड़ा फिजिकल-ओनली अर्थात् प्रत्यक्ष तौर पर मौजूदगी वाला शो था। इसमें 1,300 से अधिक एक्जिबिटर्स और 21 हजार से अधिक विजिटर्स की मौजूदगी दर्ज की गई। साथ ही 300 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय खरीदार शामिल हुए।






इस मौके पर केन्द्र सरकार के वाणिज्य और उद्योग, कपड़ा, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री पीयूष गोयल ने शिरकत की। उन्होंने शो में बनाए गए सभी पांच एक्सपो हॉल का दौरा किया और एक्जिबिटर्स के साथ बातचीत करते हुए लगभग दो घंटे बिताए। शो का मुख्य आकर्षण संवाद सत्र था। गोयल ने कहा कि आईआईजेएस प्रीमियर 2021 के जरिए देश में रत्न और आभूषण क्षेत्र के कई खुदरा विक्रेताओं, एग्जिबिटर्स द्वारा की गई कड़ी मेहनत और उनके समर्पण को करीब से जानने का अवसर मिला है।

उन्होंने कहा कि सभी चिंताओं और आकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए मौजूदा केन्द्र सरकार ने नीतियां निर्धारित की है। उन्होंने बताया कि क्रेडिट गारंटी फंड की सुविधा के जरिए निर्माताओं को वित्तीय असुविधाओं को दूर करने और व्यापार को सुगम बनाने में मदद मिल सकती है। संवाद सत्र में गोयल के साथ 100 से अधिक अग्रणी निर्माताओं, खुदरा विक्रेताओं, निर्यातकों, व्यापार संघों, अंतर्राष्ट्रीय खरीदारों ने नई प्रगति, पहल और उद्योग से संबंधित अन्य मुद्दों को साझा किया।

कार्यक्रम में उन्होंने नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर) और जीजेईपीसी द्वारा क्लस्टर मैपिंग रिपोर्ट का अनावरण किया, जिसके जरिए रत्न और आभूषण निर्माण के लिए समूहों की पहचान करने में आसानी हुई है। इस मौके पर जीजेईपीसी के अध्यक्ष कॉलिन शाह व दक्षिणी क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष महेंद्र तायल के अलावा जीजेईपीसी के कार्यकारी निदेशक शैलेश संगानी और सब्यसाची रे की भी मौजूदगी रही।

शो के पहले दिन केन्द्र सरकार की वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए शिरकत की। उन्होंने मौजूद आयोजको एवं सदस्यों को विश्व में हीरे की कटाई एवं उसके निर्माण में देश की ज्वैलरी इंडस्ट्री के अग्रणी होने पर बधाई दी। साथ ही देश के रत्नों एवं आभूषणों के सबसे बड़े निर्यातकों की भी सराहना की।

इस मौके पर कर्नाटक सरकार के बृहद् एवं मध्यम उद्योग मंत्री मुरुगेश निरानी के अलावा राज्य के वाणिज्य एवं उद्योग विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव रमना रेड्डी के अलावा केन्द्र सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के वाणिज्य विभाग के संयुक्त सचिव एस सुरेश कुमार की भी मौजूदगी रही। निरानी ने कहा कि कर्नाटक एकमात्र ऐसा राज्य है, जिसके पास हूती गोल्ड माइंस और कोलार गोल्ड फील्ड है, जहां से सोना निकाला जाता है। उन्होंने बताया कि फिलहाल उत्पादन 1,700 कि. ग्रा. है, इसे बढ़ाकर 5 हजार कि. ग्रा. करने का लक्ष्य है। इसके लिए सोने के उत्पादन को बढ़ावा देने के साथ ही सोने के सिक्कों की बिक्री के लिए निजी ज्वैलर्स के साथ साझेदारी करके रिटेल स्टोर्स खोलने की योजना भी है।

# ज्वैलरी उद्योग की प्रतिभाओं को मिला सम्मान

## जी जे सी द्वारा आयोजित नेशनल ज्वैलरी अवार्ड्स के 10वें संस्करण का रंगारंग समापन

NJA
NATIONAL JEWELLERY AWARDS

सितारों सी जगमग रोशनी और देश के अनेक हिस्सों से आई ज्वैलरी उद्योग की हस्तियों ने गोवा में एक शाम को रंगीन बना दिया। ऑल इंडिया जेम एंड ज्वैलरी डोमेस्टिक काउंसिल (जीजेसी) की ओर से गत 20 अक्टूबर 2021 को गोवा स्थित ताज रिसॉर्ट्स एंड कन्वेंशन सेंटर में ज्वैलरी उद्योग के सबसे प्रतिष्ठित नेशनल ज्वैलरी अवार्ड्स (एन जे ए) के 10वें संस्करण के फिनाले का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस मौके पर एनजेए 2020-21 के लिए देश के अनेक हिस्सों से आई हजारों प्रविष्टियों में से चयन के बाद फाइनल विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

इस भव्य समारोह में जीजेसी के अध्यक्ष आशीष पेठे, एनजेए के संयोजक नीलेश शोभावत और ज्वैलरी उद्योग की अन्य हस्तियां मौजूद थी। इस कार्यक्रम में बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री संगीता बिजलानी मुख्य अतिथि थी। विजेताओं को




The Bride's Pride
(Gold Bridal Jewellery of the Year)
**Emerald Jewel Industry India Limited**




Paramparik Jewellery
An Artisan's Pride
**Arjunaa Jewellers**




The Bride's Pride
(Jadau Bridal Jewellery of the Year)
**Sabine Jewellers**




The Bride's Pride
(Diamond Bridal Jewellery of the Year)
**Vummidi Bangaru Jewellers**

सम्मानित करने के लिए लोकप्रिय फिल्म अभिनेत्री किमी काटकर के साथ सिंगर, होस्ट और एक्ट्रेस सोफी चौधरी की भी मौजूदगी रही। एंकरिंग भारतीय टेलीविजन अभिनेता हुसैन कुवाजेरवाला ने की।

नेशनल ज्वैलरी अवार्ड्स के 10वें संस्करण में अवार्ड्स की 9 श्रेणियां रखी गई थी। इन्हें 36 उपश्रेणियों में उपविभाजित किया गया था। इसमें छात्रों, डिजाइनरों, कारीगरों, आभूषण, स्टोर, महिला उद्यमी, विज्ञापन कैम्पेन और आभूषण उद्योग से जुड़े विभिन्न अवार्ड्स शामिल थे। आयोजनकर्ताओं ने बताया कि इंडस्ट्री में रचनात्मकता और प्रतिभा को पहचानने और सम्मानित करने के लिए एनजेए की नींव रखी गई थी और यह विभिन्न कीमती धातुओं, रत्नों, आभूषणों और कलाकृतियों सहित आभूषण व्यापार के सभी वर्गों को कवर करता है।




Anmol Ratna Award
**Mr. Bachhraj Bamalwa**

जीजेसी का उद्देश्य व्यक्तियों और कंपनियों को एनजेए जैसा एक विशाल मंच प्रदान करते हुए उनकी प्रतिभा को आगे लाना और इंडस्ट्री के विकास को बढ़ावा देना है।

## Honouring the Art of Designing Jewellery

| CATEGORY | SUB CATEGORY | NAME OF THE PARTICIPANT |
|---|---|---|
| Jewellery Award | Accessory of the Year | Silver Emporium Pvt. Ltd. |
| Excellence Award | Advertising Campaign of the Year Audio/ Visual and Print | Malabar Gold Pvt. Ltd. |
| Jewellery Award | All Eyes on Him (Men's Jewellery of the Year) | Aqua Jewellers |
| Special Award | Anmol Ratna Award | Mr. Bachhraj Bamalwa |
| Student Awards | Arihant Diamond Institute | Anokhi Avnishbhai Mehta |
| Artisan Award | Artisan/ Craftsman | Swarup Paul From Vummidi Bangaru Jewellers |
| Jewellery Award | Bangle/ Bracelet/ Kada of the Year | Laxmi Jewellery Export Pvt Ltd |
| Designer Award | Cad | Mithun Kalipada Jana |
| Excellence Award | Campaign of the Year - Digital | Raniwala Jewellers Pvt. Ltd. |
| Special Award | Corporate Social Responsibility Award | C Krishniah Chetty Group of Jewellers |
| Jewellery Award | Couture Jewellery of the Year (Gold or Diamond) | Charu Jewels |
| Jewellery Award | Earring of the Year | Ranka Jewellers |
| Special Award | Gem of the Year - East | Mr. Subir Kumar Sen |
| Special Award | Gem of the Year - North | Mr. Rajan Rastogi |

| | | |
|---|---|---|
| Special Award | Gem of the Year - South | Mr. B Ramesh |
| Special Award | Gem of the Year - West | Mr. Fatechand Ranka |
| Designer Award | Hand Sketch | Pratiksha Gandle RJ |
| Student Awards | International Institute of Gemology | Viraj Pandurang Palkar |
| Special Award | Jewel of the Year | Mr. Zaverilal V. Mandalia |
| Student Awards | National Institute of Design | Simran Bahmania |
| Student Awards | National Institute of Fashion Technology | Priyanshi Gusain |
| Student Awards | National Institute of Fashion Technology | Riya Arora |
| Student Awards | National Institute of Fashion Technology | Amisha Rai |
| Student Awards | National Institute of Fashion Technology | Mayank Bhaskar |
| Student Awards | National Institute of Fashion Technology | Muskan Wadhwa |
| Jewellery Award | Paramparik Jewellery - An Artisan's Pride | Arjunaa Jewellers |
| Student Awards | Pearl Academy | Khushboo Ahuja |
| Jewellery Award | Platinum Jewellery of the Year | Emerald Jewel Industry India Ltd. |
| Jewellery Award | Ring of the Year | Kirtilal Kalidas Jewellers Pvt. Ltd. |
| Student Awards | Sawansukha Institute of Gemology and Design | Divya Gupta |
| Store Award | Single Store of the Year East | Sawansukha Jewellers Pvt. Ltd. |
| Store Award | Single Store of the Year North | Harsahaimal Shiamlal Jewellers |
| Store Award | Single Store of the Year South | Viswa and Devji Diamonds Pvt. Ltd. |
| Store Award | Single Store of the Year West | Kabra Jewels Pvt. Ltd. |
| Jewellery Award | Sterling Silver Artefacts | Caps Gold Pvt. Ltd. |
| Jewellery Award | Sterling Silver Jewellery (Silver Jewellery of the Year) | Sri Vasavi Thanga Maaligai |
| Jewellery Award | The Bride's Pride (Diamond Bridal Jewellery of the Year) | Vummidi Bangaru Jewellers |
| Jewellery Award | The Bride's Pride (Gold Bridal Jewellery of the Year) | Emerald Jewel Industry India Ltd. |
| Jewellery Award | The Bride's Pride (Jadau Bridal Jewellery of the Year) | Sabine Jewellers |
| Jewellery Award | The New-Age Women's Jewellery (9 to 5 Jewellery Â Gold or Diamond) | Bhindi Jewellers |
| Jewellery Award | The Touch of Color (Colourstone Jewellery of the Year) | Karan Kothari Jewellers Pvt. Ltd. |
| Jewellery Award | Treasure of Ocean (Pearl Jewellery of the Year) | Kirtilal Kalidas Jewellers Pvt. Ltd. |
| Special Award | Women Entrepreneur Award | Ms. Shrusshti Sharma |
| Special Award | Yuva Ratna Award | Mr. Deven Satikuvar |
| Jewellery Award | Zirconia Jewellery of the Year | G. R. Thanga Maligai Firm |

GJSCi
Gem & Jewellery Skill Council of India

# इंडिया स्किल्स रीज़नल लेवल कॉम्पिटिशन में जयपुर के हिरेन्द्र को मिला गोल्ड

## एनएसडीसी के मार्गदर्शन में जीजेएससीआई की ओर से गुजरात में हुआ कॉम्पिटिशन



एनएसडीसी के मार्गदर्शन में जेम एंड ज्वैलरी स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया (जीजेएससीआई) की ओर से विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं को निखारने के मकसद से वर्ल्ड स्किल कॉम्पिटिशन का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में इस बार इंडिया स्किल्स रीज़नल लेवल कॉम्पिटिशन का आयोजन गुजरात के गांधी नगर में गत 29 अक्टूबर से 1 नवंबर 2021 तक किया गया। इस कॉम्पिटिशन में 38 कौशल क्षेत्र रखे गए थे। इनमें गोवा, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश और राजस्थान सहित कुल पांच राज्यों के 230 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इन 38 कौशल क्षेत्रों में से ज्वैलरी भी एक क्षेत्र था, जिसमें कुल 4 प्रतिभागिओं ने भाग लिया। इन प्रतिभागियों में प्रतिक हिंगड, उन्मेश सगवेकर, मयंक दाधीच और हिरेन्द्र प्रजापति शामिल थे। कॉम्पिटिशन में राजस्थान के जयपुर निवासी हिरेन्द्र प्रजापति ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया तो महाराष्ट्र के प्रतीक हिंगड ने रजत पदक हासिल किया। आयोजकों ने बताया कि दोनों विजेता, दिसंबर 2021 के अंतिम सप्ताह में बैंगलोर में आयोजित होने वाली इंडिया स्किल्स 2021 की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस मौके पर भागीदार संस्थान आईआईजेएम अहमदाबाद, गोल्डस्मिथ एकेडमी कोयंबटूर, वीबीजी चेन्नई और लक्ष्मी डायमंड्स बैंगलोर की भी अहम भागीदारी रही।



# ज्वैलरी गहना नहीं, दिल के ज़ज्बात है

## कुंदन मीना ज्वैलरी के शिल्पकार श्री के के चूड़ीवाला से खास मुलाकात



(बाएं - दाएं) वत्सल मित्तल, कृष्ण कुमार चूड़ीवाला, निकुंज मित्तल

बेहतर से बेहतर कि तलाश करो,
मिल जाये नदी तो समंदर की तलाश करो,
टूट जाता है शीशा पत्थर कि चोट से,
टूट जाये पत्थर ऐसा शीशा तलाश करो...।

यह भले ही चंद लोगों के लिए महज शब्द हो, लेकिन इन्हीं शब्दों को असल जिन्दगी में उतारा है श्री जीके चूड़ीवालाज़ के कृष्ण कुमार (के के) चूड़ीवाला ने। अपनी दिली तमन्ना को साकार करने के लिए वर्ष 1991 में चूड़ीवाला ने एक छोटी सी शुरुआत की और यह शुरुआत कुंदन मीना के क्षेत्र में आज मील का पत्थर बन चुकी है।

ज्वैलरी को सिर्फ गहना नहीं, बल्कि उसे दिलों के जज्बात मानने वाले कृष्ण कुमार ने ज्वैलरी के प्रति अपने लगाव और प्यार को बरकरार रखने के लिए यह शुरुआत की थी और वर्तमान में उनकी(कृष्ण कुमार) दूसरी पीढ़ी इस विरासत को संभाल रही है।

चूड़ीवाला की मानें तो ज्वैलरी के क्षेत्र में परिवर्तन ही स्थायी है। उसी के अनुसार सीख लेते हुए अगर प्रयास किये जाएं तो सफलता को आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। हमनें कुंदन मीना के शिल्पकार कृष्ण कुमार से खास मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जीके चूड़ीवालाज़ के ब्रांड बनने की कहानी और भावी योजनाओं के साथ भविष्य में ज्वैलरी के नए ट्रेंड्स के बारे में अपनी राय जाहिर की। पेश है उनसे हुई मुलाकात के कुछ अंश...

**प्र. चूड़ीवालाज़ की विरासत के बारे में बताएं।**

उ. श्री जी के चूड़ीवालाज़ की स्थापना मैनें वर्ष 1991 में रंगीन पत्थरों के प्रति अपने प्रेम और शौक को साकार करने के लिए की थी। तीन दशकों की मेरी इस मज़बूत विरासत को मेरे बेटे निकुंज मित्तल और वत्सल मित्तल आगे बढ़ा रहे है। निकुंज ने वर्ष 2010 में और वत्सल ने वर्ष 2016 में इस पारिवारिक व्यवसाय को संभाला। निकुंज ने ब्रांड को अनुपमता और उत्कृष्टता के साथ प्रस्तुत करने के लिए देशभर में यात्रा की, वहीं वत्सल ने ओर्नेट ज्वैलरी की शानदार डिजाइन और उत्कृष्ट श्रंखला को गहराई से समझने के लिए जेमोलॉजी का गहन अध्ययन किया। हमारे संग्रह का प्रत्येक आभूषण एक आकर्षक कहानी बताता है और राजस्थान की समृद्ध परम्पराओं, संस्कृति और विरासत से प्रेरणा लेता है। साथ ही इसमें आधुनिकता का स्पर्श भी है।



**प्र. आपकी कुंदन मीना सेक्टर में काफी अलग पहचान है। ऐसा क्या है जो आपको अलग करता है?**

उ. हम मानते हैं कि हमनें कुंदन मीना की कला को एक बेहतरीन गुणवत्ता के साथ दर्शकों के सामने पेश किया है और इसी कारण हमारी इस इंडस्ट्री में अलग पहचान है। श्री जीके चूड़ीवालाज़ दुल्हन के खास आभूषणों (ब्राइडल ज्वैलरी) में माहिर हैं और बड़े आकार की पोल्की का इस्तेमाल हमारी सिग्नेचर स्टाइल है। हम प्रत्येक उत्पाद का डिजाइन और निर्माण, गुणवत्ता के साथ करने में विश्वास करते हैं। हमारी टीम में अत्यंत कुशल कारीगर शामिल हैं, जो दशकों से आभूषण बनाने की कला में पारंगत है और वे आभूषण के प्रत्येक टुकड़े को अपनी अद्भुत कारीगरी के साथ तैयार करते हैं।

**प्र. महामारी के बाद बाजार की प्रतिक्रिया कैसी है?**

उ. महामारी ने अब विभिन्न आयोजनों का आकार बदल दिया है और अब छोटे एवं बेहद नज़दीकियों के साथ आयोजित किये जाने वाले आयोजनों की संस्कृति पनपने लगी है। इसके कारण भोजन और आयोजन पर होने वाले खर्चों के बजट में काफी कमी आई है। इससे होने वाली बचत को अधिकांश लोग दुल्हन को देने अथवा आभूषणों में निवेश करने के तौर पर चुन रहे है। यह निवेश विवाहित जोड़ों और उनके परिवारों को काफी पसंद भी आ रहा है।

**प्र. आपके क्षेत्र में आने वाले ट्रेंड्स क्या रह सकते हैं?**

उ. अब ग्राहकों में गुणवत्ता को लेकर उत्सुकता काफी बढ़ी है और वे गुणवत्तापूर्ण वस्तुओं को ही तवज्जो दे रहे है। पहले

कुंदन मीना के आभूषणों के लिए बहुत कमजोर गुणवत्ता वाली पोल्की का उपयोग करने का चलन था, लेकिन हमनें ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाली पोल्कियॉ ऑफर की, जिसकी सभी ने सराहना की। स्टेटमेंट ज्वैलरी, खास ब्राइडल सेट्स और बड़े साइज की पोल्की के इस्तेमाल की काफी डिमांड है। नए असेसरीज में हेडबैंड, टियारा और माथा पट्टी का क्रेज भी बढ़ा है। ये निश्चित ही दुल्हनों को लुभावनी लगती है।

**प्र. क्या पारंपरिक कुंदन मीना क्षेत्र में नए परिवर्तन हो रहे हैं?**

उ. परंपरागत रूप से, कुंदन मीना के आभूषण केवल छोटी पोल्कियों का उपयोग करके बनाए जाते थे। हम विभिन्न प्रकार के रंगीन रत्नों जैसे माणिक, पन्ने और मोतियों से हमारी ज्वैलरी को निखारने का निरंतर प्रयोग कर रहे है। हम हमारे कलेक्शंस के साथ कुछ अनोखा पेश करने की दिशा में काम कर रहे हैं। उदाहरण के लिए, हम भारी पुवाई के साथ आभूषणों में रशियन एमरल्ड बीड्स के साथ साउथ सी के खूबसूरत मोतियों का उपयोग करते है। यहीं हमारे डिजाइनों को बेहद दिलचस्प बनाते है।

**प्र. वर्तमान परिदृश्य को देखते हुए आप व्यापारियों को क्या सुझाव या सलाह देना चाहेंगे?**

उ. लगभग हर दुल्हन चाहती है कि उसे शादी के दिन कुंदन मीना पोल्की के खूबसूरत आभूषणों से सजाया जाए, जबकि सगाई समारोहों के लिए डायमंड ज्वैलरी एक यूनिक स्टेटमेंट बन गई है। व्यापारी, डिजाइनर और निर्माता के रूप में हमारा ध्यान इस कला को सम्मानित बनाने के साथ ही इसे अधिक गुणवत्तापूर्ण बनाने पर होना चाहिए। हमें रत्नों के साथ साथ मीनाकारी की गुणवत्ता को बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए, क्योंकि ग्राहकों का विश्वास बनाए रखना, हमारे जौहरी समुदाय का प्रमुख दायित्व है, तब ही ग्राहक हमसे लंबें समय तक जुड़ें रहेंगे।


JEWELLERS ASSOCIATION JAIPUR

GEM WORLD

Official Magazine Of **The Jewellers Association, Jaipur**

Know • Connect • Grow

पिछले 47 सालों से भारत ही नहीं बल्कि दुनियाभर में इस मैगज़ीन के पाठकों की अच्छी खासी संख्या रही है। हम आपको अपने विज्ञापन के लिए इस प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करने और दुनिया के विभिन्न हिस्सों तक अपनी पहुँच बढ़ाने के लिए आमंत्रित करते हैं। आगे बढ़ें और ट्रेड की सर्वाधिक पढ़ी जाने वाली ज्वैलरी मैगज़ीन में अपने व्यापार को स्थान दें। ई-मैगज़ीन एक विस्तृत पाठक संख्या को वितरित होगी, इससे आपके ब्रांड की पहुंच असीमित होगी।

विज्ञापन दरों और ज़्यादा जानकारी के लिए संपर्क करें:

**+91 87696 64868 | +91 99502 11331**

ई: gemworld@**ja**jaipur.com



# हौंसलों से बदल रही महिलाओं की तकदीर

साक्षात्कार:

**शर्मिल माथुर**

कलर्ड रॉक्स ट्रेडिंग प्रा लि

**• ज्वैलरी के सेक्टर में सामाजिक बदलाव की पहल • 'लर्निंग विद् अर्निंग' के जरिए महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा**



ज्वैलरी, दमक और चमक से भरपूर क्षेत्र है। पूरी दुनिया में इसे महिलाओं का पसंदीदा क्षेत्र माना जाता है। इस कार्य क्षेत्र को आमतौर पर कुछ सालों पहले तक पुरुष प्रधान क्षेत्र माना जाता था लेकिन अब इस बदलाव की लहर में महिलाएं सफलता की नई इबारत लिख रही है।

नई सोच के साथ सभी के लिए समान अवसर पैदा करते हुए ऐसे कई उद्यमी है, जो हर दिशा में एक बड़ा सामाजिक बदलाव ला रहे है। ऐसी ही विकासशील सोच रखने वाली एक महिला उद्यमी है, जिनके बारे में जानने का हमें अवसर प्राप्त हुआ। कलर्ड रॉक्स ट्रेडिंग प्राइवेट लिमिटेड (CRTPL) की शर्मिल माथुर वह शख्सियत है, जिन्होंने सैकड़ों महिलाओं को हुनरमंद बनाया और समाज में सम्मानजनक स्थान प्रदान किया।

जेम्पोरिया यूके की सोर्सिंग/बाइंग कम्पनी सीआरटीपीएल एक प्रतिष्ठित कम्पनी है, जिसमें अकेले भारत में 100 से ज्यादा लोग कार्यरत हैं। शर्मिल माथुर अपनी एक अनूठी टीम के साथ किस तरह काम कर रही है और इस क्षेत्र में किस तरह बदलाव ला रही है, यह जानने के लिए हमने उनसे बात की। पेश है इस बातचीत के प्रमुख अंश...

**सवाल: आपने महिलाओं के लिए जवाहरात के क्षेत्र में अवसर पैदा करने की दिशा में बेहतरीन काम किया है। यह शुरुआत कैसे हुई ?**

**जवाब:** इसकी शुरुआत वर्ष 2014 में एक छोटी सी पहल से हुई, जब हमने जयपुर के कठपुतली नगर झुग्गी बस्ती की महिलाओं के लिए जेमस्टोन कटिंग ट्रेनिंग प्रोग्राम की शुरुआत की। ये अनुभव जितना नया था, उतनी ही इसमें चुनौतियां भी थी। घर में रहने वाली महिलाओं को घर से बाहर निकालकर आत्मनिर्भर बनाना और उनकी मानसिकता को बदलना बिल्कुल भी आसान नहीं था। शुरुआत में लोगों की तरफ से अच्छा रेस्पॉन्स नहीं मिला, फिर भी मैं इस मानसिकता को बदलने की ठान चुकी थी। 6 महीने की शुरुआती ट्रेनिंग और डेढ़ साल के गहन प्रशिक्षण के बाद हम कुछ महिलाओं को कटिंग एवं पॉलिशिंग का काम सिखाने में सफल रहे और हमने उनको वेतन देना शुरू किया। आज हमारे पास जयपुर के विभिन्न झुग्गी क्षेत्रों की महिलाओं के लिए समर्पित जेमस्टोन कटिंग यूनिट है। ये महिलाएं प्रभावी तरीके से काम कर रही हैं और सामाजिक बेडियों व रूढिवादिता को खत्म कर आगे बढ़ रही है। आज ये आत्मविश्वासी ही नहीं, बल्कि आत्म निर्भर भी है। इन सबके अपने बैंक खाते, प्रोविडेंट फंड और ईएसआई इत्यादि है। सबसे बड़ी बात है कि इनके सोचने के तरीके में बदलाव हुआ है और ये एक सम्मानजनक सामाजिक जीवन जी रही है।

> "शिक्षा और रोजगार के साथ महिला सशक्तिकरण हर क्षेत्र में सफलता की अनंत संभावनाएं पैदा करेगा।"
>
> शर्मिल माथुर

**सवाल: आपने किस तरह की चुनौतियों का सामना किया और उनका मुकाबला कैसे किया ?**

**जवाब:** हर कदम पर कई चुनौतियां थी। मेरी सबसे बड़ी चुनौती एक महिला होकर एक पुरुष प्रधान उद्योग में काम करने की थी। दूसरी, मेरे पास ना तो ज्वैलरी की कोई शैक्षिक डिग्री थी और ना ही मैं किसी ज्वैलर परिवार से ताल्लुक रखती हूं, इसी कारण मेरी कार्यक्षमता पर संदेह किया जाता था।आज जब मैं पीछे मुड़कर इंडस्ट्री में अपने बीते 15 सालों को देखती हूं, तो मुझे मेरे उतार चढ़ाव भरे इस सफर पर गर्व महसूस होता है। जो मैनें सीखा और जो अनुभव लिया, मैं उसकी आभारी हूं और मैं सीआरटीपीएल में अपनी टीम के साथ काम करने में एक गौरव का अनुभव करती हूं। जब मैनें शुरुआत की, तब हम केवल 17 सदस्य थे और आज 100 से भी ज्यादा सदस्य है।



**सवाल: इस प्रयास में आपको कितनी सफलता मिली है?**

**जवाब:** वास्तव में तो यह सवाल यूके में मेरे मैनेजमेंट से पूछा जाना चाहिए। हालांकि मेरे लिहाज से मैं कहूंगी कि सीआरटीपीएल सफलतापूर्वक चल रही है और इंडस्ट्री में अपने समर्पण व ईमानदारी से बिजनेस करने के कारण इसने एक मजबूत वजूद बनाया है। कम्पनी ने एक विश्वसनीय बिजनेस पार्टनर के रूप में एक प्रतिष्ठा अर्जित की है। हमनें जयपुर की दो और मुम्बई की एक कम्पनी सहित कुछ अन्य जेमस्टोन सप्लायर्स के साथ व्यापार की शुरुआत की थी, लेकिन आज हम भारत में 30 से ज्यादा कम्पनियों के अलावा हांग-कांग, थाईलैंड और दुनियाभर की कई जवाहरात कम्पनियों से जुड़े हुए है। मेरा विश्वास सीखने, सुधार करने और जीवन के हर चरण में आगे बढने में है, चाहे वो व्यक्तिगत जीवन हो या फिर व्यवसायिक जीवन।

**सवाल: वर्तमान समय में आपके और क्या कार्यक्रम चल रहे है?**

**जवाब:** हमनें कई सालों तक जेमस्टोन, डायमंड और ज्वैलरी के क्षेत्र में काम किया है और इसके बाद अब हम पिछले दो सालों से लाइफ स्टाइल और होमवेयर के क्षेत्र में भी अच्छा काम कर रहे है। नये क्षेत्रों से न केवल हमें सीखने को मिला है, बल्कि अपने कौशल को बढ़ाने का अवसर भी मिला है। इस साल हमने हमारे सोशल प्रोग्राम के तहत एक स्कूल के संचालन की जिम्मेदारी हाथ में ली है। 5 साल पहले हमने एक सरकारी स्कूल में सुधार एवं सुविधाओं के विस्तार का बीड़ा



उठाया था और अब हमने एक प्राइवेट स्कूल को भी इसमें शामिल किया है। हम स्कूलों में बुनियादी सुविधाएं, समाज के पिछडें वर्गो के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और पाठ्यक्रम के अलावा अन्य गतिविधियों के लिए संसाधन उपलब्ध करवाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। इन स्कूलों को बेहतर शिक्षण संस्थान बनाने के लिए वित्तीय और जरूरी संसाधनों के रूप



में मदद कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त हम एक और महिला सशक्तिकरण प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं, जो कच्ची बस्ती की महिलाओं को रोजगार प्रदान करेगा। हम पर्यावरण सुरक्षा की दृष्टि से भी स्थिर और बेहतर नजरिया अपना रहे हैं। हम आने वाले सालों में और ज्यादा पर्यावरण अनुकूल “एनवायर्नमेंट फ्रेंडली” बने रहने के लिए लगातार प्रयास कर रहे है।

**सवाल: पुरुष प्रधान उद्योग में महिलाओं को शामिल करना एक बड़ा बदलाव है। आपकी भविष्य की क्या योजनाएं हैं?**

**जवाब:** मैं नहीं जानती कि कोई भी काम किसी विशेष जेंडर के लिए होता है। यह मानसिकता हमारे समाज ने पैदा की है, जिसमें समय के अनुसार बदलाव करना जरूरी है। मेरी टीम में पुरुष और महिलाएं एक साथ मिलकर कार्य कर रहे है और हमारी संस्था में महिलाएं उच्च पदों पर कार्यरत है। हमारी संस्था में पुरुष और महिलाएं कंधें से कंधा मिलाकर चलते हैं और आपसी सम्मान व विनम्रता को बढ़ावा देते हुए सामंजस्य के साथ काम करते है। हमारी जेमस्टोन कटिंग यूनिट में महिलाओं की संख्या बढ़ाने की हमारी योजना है और साथ ही हम लाइफ स्टाइल और होमवेयर क्षेत्र का काम भी बढ़ाना चाहते है, ताकि महिलाओं के लिए ज्यादा से ज्यादा अवसर पैदा हो। हम महिलाओं को सशक्त और बच्चों को शिक्षित कर समाज में एक सकारात्मक बदलाव ला सकते है। ये दो फैक्टर भारत को एक महान राष्ट्र बना सकते है। मैं पूरी इंडस्ट्री से अनुरोध करती हूं कि वे महिलाओं को समान अवसर दें और उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन को प्रोत्साहित करें।



# दिलकश ज्वैलरी में बदलाव की बहार

## कोविड की महामारी के बाद देश और दुनिया में बदलते ज्वैलरी के ट्रेंड पर मुंबई महानगरी के दो प्रतिष्ठित ज्वैलर्स से खास मुलाकात.

देश और दुनिया में फैशन को लेकर फैशन लवर्स में जबरदस्त दीवानगी है और उन्हीं की डिमांड पर फोकस करते हुए ज्वैलरी के सेक्टर में भी बदलाव आया है। तेजी से बदल रहे फैशन और ट्रेंड्स को फॉलो करते हुए ज्वैलर्स महामारी के बाद यूनिक कलेक्शंस पर फोकस कर रहे है और फिर से ज्वैलरी को नए आयाम देने की तैयारी है।

ज्वैलरी लवर्स की दिलचस्पी को ध्यान में रखते हुए अफोर्डेबल डिजाइनर ज्वैलरी को मार्केट में लाया जा रहा है, जिससे महामारी के बाद ज्वैलरी का क्रेज फिर से टॉप पर आ गया है।

इस खूबसूरत क्षेत्र में लगातार कुछ नया करने वाले मुम्बई के दो नामचीन ज्वैलर्स से हमनें बातचीत की और कोविड के बाद मार्केट की स्थिति के साथ उनकी कम्पनी से जुड़ी भविष्य की योजनाओं के बारे में भी जानकारी हासिल की। पेश है ज्वैलरी इंडस्ट्री के दो दिग्गजों से हुई बातचीत के चुनिंदा अंश...

## संस्कृति ज्वैल्स

## स्पर्श ज्वैलर्स



करण गरोडिया एवं निधि गरोडिया

# संस्कृति ज्वैल्स


संस्कृति एक यूथ ब्रांड है, जिसकी जड़ें भारतीय कलात्मक संस्कृति से जुड़ी हुई हैं। हमारे आभूषण आधुनिकता के साथ कलात्मकता का नायाब नमूना पेश करते हैं। हमारा डिजाइन हाउस समकालीन फैशन ज्वैलरी के निर्माण के लिए जाना जाता है, जो अनूठेपन के साथ समृद्ध विरासत को संजोयें हुए है।


**प्र अपनी कंपनी स्थापित करने का विचार कैसे आया?**

**करण:** हमारे व्यवसाय की मैं पहली पीढ़ी हूं। वर्ष 2000 में मुंबई के सिडेनहैम कॉलेज में पढ़ाई करते हुए करीब 16 वर्ष की उम्र में मैंने रत्न एवं आभूषण व्यवसाय की बारीकियों को सीखना शुरू किया। किस्मत अपनी राहें खुद ही तय करती है, मुझे प्रतिभाशाली ज्वैलरी डिजाइनर निधि से प्यार हुआ और हम दोनों ने साथ मिलकर संस्कृति ज्वैल्स की नींव रखी। हमारा मुख्य उद्देश्य क्रिएटिव और फैशनेबल ज्वैलरी का निर्माण करना है, जिससे हम खुशियां और यादों का एक अनूठा संसार हमारे कस्टमर्स को दे सके।

**हमने हाल ही एक ज्वैल्स का कलेक्शन पेश किया था जिसका डिजाइन विषय 'कलर मी हैप्पी' है जो लोगों के जीवन में खुशियों के रंग भरने की विचारधारा से प्रेरित है।**

**प्र. निधि आप इस कंपनी की क्रिएटिव डायरेक्टर हैं. ऐसी क्या खास बात है, जो आपकी कंपनी को दूसरों से अलग बनाती है?**










**निधि:** व्यक्तिगत तौर पर मेरा मानना है कि ज्वैलरी इतनी आकर्षक होनी चाहिए, जिसके जरिए बातचीत की शुरुआत की जा सके। मेरी दिलचस्पी कलर और रंगीन रत्नों की तरफ हमेशा रही है। मेरा दृढ़ विश्वास है कि कलर्स के साथ जेम्स एंड ज्वैलरी इंडस्ट्री की पारंपरिक डिजाइन में नए रंग भरे जा सकते है। हमारी कंपनी को ऊंचाई प्रदान करने में अनूठे और असामान्य रंगीन रत्नों का बड़ा योगदान रहा है। साथ ही नॉन कैलिब्रेटेड या असमान, बरोक या टम्बल शेप के स्टोन और मोती का इस्तेमाल करते हुए हम प्राकृतिक रूप से 3डी ज्वैलरी का निर्माण करते हैं।

**प्र. वर्तमान में आप कौनसी थीम और आइडियाज पर काम कर रहे हैं?**

**निधि:** हमारी हालहीं की डिजाइन 'कलर मी हैप्पी' ज्वैल्स का एक कलेक्शन है जो लोगों के जीवन में खुशियों के रंग भरने की विचारधारा से प्रेरित है। जैसा कि नाम से पता चलता है, यह कलेक्शन कलर्स वाला कलेक्शन है। हम सिरेमिक, टाइटेनियम और भी कई तकनीकें हमारे आगामी कलेक्शंस में इस्तेमाल कर रहे हैं।

**प्र. आप बाजार की वर्तमान स्थितियों को किस तरह से देखते हैं?**

**करण:** मैंनें मेरे 22 साल के बिजनेस कॅरियर में इतना अच्छा समय नहीं देखा। इंडस्ट्री में मैं जिसे भी जानता हूं वो खुश हैं और सब अच्छा काम कर रहे हैं। मैं पूरी तरह सहमत हूं कोरोना के बाद से ग्राहकों का भविष्य के लिए ज्वैलरी पर पैसा खर्च करने का रुझान बढ़ा है।

**प्र. क्या आप पुरानी कुंदन मीना की कारीगरी में नवाचार देखते हैं और यह किस तरह रहेगा ?**

**निधि:** आज, कुंदन और पोल्की ज्वैलरी हमारे ट्रेड का मुख्य आधार स्तम्भ बना हुआ है। साथ ही, बहुत से ज्वैलर्स ने वर्तमान में नए प्रयोगों, नज़ाकत और रचनात्मकता को बढ़ावा दिया है।

**प्र. आपके अनुसार आने वाले समय में बाजार कैसा रहेगा?**

**निधि:** आने वाले समय में हमें बाजार में संभावनाएं और सकारात्मकता नज़र आ रही है। यह आभूषण जगत के लिए एक सुनहरा समय है, फिर भी हमें ज्यादा बेपरवाह हुए बिना कड़ी मेहनत करनी चाहिए, जिससे हम इसे और अधिक ऊंचाई पर ले जा सके।

**प्र. जयपुर के साथ आपका व्यवसायिक रिश्ता कैसा रहा है?**

**करण:** जयपुर के साथ हमारा व्यवसायिक रिश्ता काफी मजबूत रहा है। दुनिया में रंगीन रत्नों का एक बड़ा केंद्र होने के कारण हमारी अधिकतर खरीदारी यहां से होती है। सही मायनों में हमें जयपुर और राजस्थान की जीवंतता पसंद है, चाहे वो परंपरा हो, संस्कृति हो, स्वागत आतुर लोग हो या फिर स्वादिष्ट खाना। साथ ही, मारवाड़ी होने के नाते (हमारे पूर्वज 1850 में मुंबई चले गए थे) हमारी जड़ें यहां से जुड़ी हुई हैं। जयपुर व राजस्थान से हमारा एक अटूट और अनमोल रिश्ता है।



## हेमा शाह एवं सुकेन शाह

# स्पर्श ज्वैलर्स

**प्र. अपनी कंपनी के बारे में बताइये?**

उ. हमारी कंपनी का नेतृत्व हम दोनों यानी सुकेन शाह (संस्थापक और निदेशक) और हेमा शाह (क्रिएटिव डायरेक्टर) कर रहे हैं। हम उत्कृष्ट फैशन ज्वैलरी के लिए जाने जाते हैं। हम भारत और विदेशों में 300 से अधिक ज्वैलर्स से जुड़े हुए हैं और उनकी मांग को पूरा करते हैं। इन वर्षों में, हमनें एक उन्नत श्रेणी का ग्राहक आधार बनाया है और हमें यह बताते हुए गर्व है कि हमारे आभूषणों में एक अनूठापन है, जो उन्हें दूसरों से अलग बनाता है। एक कंपनी के रूप में, हमारा मकसद अपने ग्राहकों को बेहतरीन उत्पाद और सेवाएं प्रदान करना है। स्पर्श में, हम मानते हैं कि ज्वैलरी सिर्फ एक प्रॉडक्ट नहीं है, बल्कि इसे एक यादगार पल और अद्भुत अनुभव के लिए बनाया गया है, जिसे वे बरसों तक संजोयें रख सकते हैं।

**प्र. कंपनी स्थापित करने का विचार किस तरह आया?**

उ. हमने डायमंड ट्रेडर के रूप में शुरुआत की और धीरे-धीरे हमने डायमंड ट्रेडिंग से आभूषण निर्माण की ओर ध्यान देना शुरू किया। हमने छोटे पीस बनाए और मुंबई में स्टोर्स तक पहुंचाएं। हमारे उत्पादों को बेहद पसंद किया गया और वर्ष 2002 में, हमें एक ऐसी कंपनी की शुरुआत करने का विचार आया जो अनूठे और उत्कृष्ट उत्पाद बनाने में दिग्गज हो। तब से, हमारा सफर शानदार रहा है। अपने ब्रांड को भव्यता प्रदान करने में हम सफल रहे हैं।

**प्र. क्या खास बात है, जो आपकी कंपनी को अलग बनाती है?**

उ. हमारी विशेषता ऐसे विशिष्ट आभूषण बनाने की है, जिनमें हर प्रकार की श्रेणियां और शैलियां हों, और साथ ही साथ वह अफोर्डेबल हो। रंगीन रत्नों का इस्तेमाल करते हुए हम आभूषणों को बेहद आकर्षक और सुंदर बनाते हैं। इन रत्नों का बेहतरीन तरीके से किया गया इस्तेमाल इनकी खूबसूरती में चार चांद लगाता है और हमारे ग्राहकों को पसंद आता है। हम ग्राहक की जरुरत के अनुसार विशिष्ट उत्पाद भी बनाते हैं, जो उन्हें एक अलग अनुभव प्रदान करता है।





**प्र. अभी आप किस तरह की थीम या आइडियाज पर काम कर रहे हैं?**

उ. इस क्षेत्र में हमने नए आयाम स्थापित किए हैं और जहां तक हमारे उत्पादों का सवाल है, हमनें हमेशा कुछ नया किया है। हाल ही में हमने अद्भुत नक्काशीदार रत्न जैसेर्पेन्टाइन, ड्यूमोटोराइट, प्रेनाइट का इस्तेमाल किया है, इससे आभूषण अधिक खूबसूरत बने है। इसके अलावा, हम रोज कट डायमंड के इस्तेमाल और हमारी ट्रेडमार्क शैली के अनुरूप विस्तृत श्रृंखला लेकर आ रहे हैं। हमें आशा है कि यह हमारे ग्राहकों को बेहद पसंद आएगी।

**प्र. वर्तमान की बाजार की स्थितियों को आप किस तरह देखते हैं?**

उ. बाजार की स्थितियों में अब बदलाव आया है। पिछला सीजन शानदार रहा, जिसमें हम काफी व्यस्त रहे। जब पहला लॉकडाउन खत्म हुआ था, हमनें तभी स्थिति का आंकलन कर लिया था। रिटेलर्स के पास अगले सीज़न के लिए तैयार माल नहीं था, उस समय हमारे ऑर्डर्स में लगातार बढ़ोतरी हो रही थी। इन सारे ऑर्डर्स को पूरा कर पाना हमारे लिए चुनौती थी, लेकिन ऐसी स्थिति होने के बावजूद हम काफी खुश थे, क्योंकि ग्राहकों की प्रतिक्रिया लाजवाब थी, हमनें सभी ऑर्डर्स समय पर पूरे किए।

**प्र. क्या आप पुरानी कुंदन मीना की कारीगरी में नवाचार देखते हैं और यह किस तरह होगा?**

उ. मीनाकारी वो कला है, जो हमें दुनिया के मानचित्र पर गौरवान्वित करती है। समय के साथ इसकी प्रक्रिया और इस्तेमाल किए जाने वाले सामानों में बदलाव हुआ है। हमारी एक श्रृंखला है यंग जड़ाऊ, इसमें हमने युवा वर्ग और दुल्हन को पसंद आने वाले पेस्टल शेड्स का इस्तेमाल किया है। हम ओपन पोल्की सेटिंग में भी नवाचार लाए है, जिससे ग्राहकों का हमारे प्रति विश्वास बढ़ा है। कुल मिलाकर ट्रेंड और जरूरतों के अनुसार बदलाव होता रहा है और होता ही रहेगा।

**प्र. आपके अनुसार आने वाले समय में बाजार कैसा रहेगा?**

उ. हमें लगता है कि डिमांड में और अधिक बढ़ोतरी होगी। हालांकि हम बेहद सकारात्मक हैं और यह देखना एक सुखद अनुभव है कि टू टियर और थ्री टियर शहरों के रिटेलर्स भी अब हमारी रेंज खरीदने में रुचि ले रहे हैं। यह संकेत है कि बाजार में फैशन ज्वैलरी की मांग बढ़ रही है।

**प्र. जयपुर के साथ आपका व्यवसायिक रिश्ता कैसा रहा है?**

उ. जयपुर रत्न और जड़ाऊ आभूषणों का एक प्रमुख केंद्र है। हमारे रत्नों की खरीददारी के सिलसिले में हम पिछले कुछ सालों से यहां की कई कंपनियों से जुड़े हुए हैं। अब तक यह एक शानदार अनुभव रहा है। ना केवल बिक्री का अनुभव, बल्कि जिस गर्मजोशी के साथ यहां के लोग मेहमानवाजी करते हैं, वह लाजवाब है। गुलाबी नगरी ने हमेशा हमें सुनहरी यादें दी हैं। खास तौर पर सर्दियों में एक्जिबिशन्स के दौरान हमारा यहां आना होता ही है।



# ब्रोकरेज
## एक अद्भुत विरासत

---

## जयपुर के ज्वैलरी क्षेत्र में हर छोटे और बड़े सौदे की सफलता का केंद्र रहे ब्रोकर्स से खास मुलाकात

जयपुर में सदियों से रत्न एवं आभूषण व्यवसाय एक प्रमुख व्यवसाय रहा है और इसी कारण दुनियाभर में जयपुर को एक प्रमुख रत्न और आभूषण केंद्र के रूप में भी पहचाना जाता है। बीते कई दशकों में रत्न व्यवसाय में अनेक उतार चढ़ाव नजर आए, लेकिन यहां के व्यवसायियों ने हर बार चुनौतियों का डटकर मुकाबला किया और हर बार मजबूती से उभारा। इस दौरान जयपुर के ज्वैलरी सेक्टर की सफलता में सबसे अधिक किसी का योगदान रहा तो वह है जयपुर के दलाल, जिन्हें ज्वैलरी के क्षेत्र में ब्रोकर्स के नाम से भी जाना जाता है। असल में, दलाल हर बड़े और छोटे सौदे की सफलता के केंद्र में रहे हैं और इस व्यापार की उन्नति में सबसे अधिक सहभागी भी रहे है। उनकी भागीदारी और भूमिका जयपुर के रत्न आभूषण व्यापार के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यहीं वे लोग थे जो शुरू से अंत तक दो पक्षों के बीच एक सौदे को पूरा करने के लिए जिम्मेदारी निभाते है। व्यापार की नैतिक जिम्मेदारी दलालों द्वारा क्रेता एवं विक्रेताओं के साथ साझा की गई, यही वजह है कि उन्हें विश्वसनीय भागीदारों में प्रमुखता से शामिल किया जाता है।

ब्रोकर विक्रेता और क्रेता के बीच संबंधों में मजबूती कैसे लाई जाती है और हर सौदें में एक ब्रोकर की कितनी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है, इन्हीं बारीकियों के बारे में यहां संक्षिप्त में जानने के लिए हमनें ज्वैलरी क्षेत्र के दो अनुभवी व्यक्तियों से ब्रोकरेज के बारे में खुलकर बात की और युगों से चली आ रही ब्रोकर्स की महत्वपूर्ण भूमिका पर इन अनुभवी शख्सियतों ने अपनी राय को बेबाक तरीके से जाहिर किया। पेश है इनसे हुई सारगर्भित चर्चा के महत्वपूर्ण अंश...

# श्री चम्पालाल जी बोथरा



कीमती रत्नों के व्यापारियों के वंश से ताल्लुक रखने वाले श्री चम्पालाल जी बोथरा ज्वैलरी इंडस्ट्री में एक बड़ा नाम है, जिनकी कला से सभी परिचित है। रत्न व्यवसाय से प्रभावित होने के कारण श्री बोथरा जी ने ब्रोकर बनने का फैसला किया। अपने कॅरियर के शुरुआती दिनों में व्यापार की बारीकियों को बेहतर ढंग से सीखने के लिए उन्हें ब्रोकरेज एक बेहतर जरिया लगा। उनके अनुसार प्राइमरी रिलेशनशिप मैनेजर होने के नाते एक ब्रोकर वो मजबूत कड़ी है जो बेचने एवं खरीदने वाले दोनों पक्षों को एक साथ मजबूती से बांधता है। पहले के समय में दलाल विभिन्न व्यापारियों के पास मौजूद उत्पादों पर शोध करते, और उपयुक्त खरीदारों से उन्हें जोड़कर व्यापार कराने में मदद करते थे, जिसके लिए दलालों को लेनदेन के मूल्य का एक निश्चित प्रतिशत मिला करता था।

## “ अघोषित नियम था 'पूर्ण पारदर्शिता'

श्री चम्पालाल जी के मुताबिक किसी के माल को देखना और उसकी जानकारी रखना कोई आसान बात नहीं थी। सबसे महत्वपूर्ण सप्लायर्स के साथ अच्छे सम्बन्ध और विश्वास को कायम करना था। अधिक मूल्य के माल का सौदा कराते समय जरुरी था कि आपको व्यापार की अच्छी समझ और नैतिकता हो। खरीदार और विक्रेता के बीच बातचीत के साथ-साथ भाव तय करने से लेकर सौदा होने तक सहजता और निपुणता की बहुत जरुरत होती थी, जो एक दलाल की जिम्मेदारी थी और साथ ही दोनों पक्षों की अपेक्षाओं को समझना और उनका मान रखना भी खास मायने रखता था। श्री चम्पालाल जी के अनुसार यह जिम्मेदारी कभी भी एक सौदे तक सीमित नहीं थी। सम्मान व विश्वास का एक बंधन बनाना और अनुकूल व्यावसायिक शिष्टाचार स्थापित करना बेहद जरूरी था।

दलाली की प्रणाली तब से प्रचलित है, जब से आभूषण और रत्नों का व्यापार अस्तित्व में है। जयपुर में आभूषण उद्योग को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में दलालों द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका को उद्योग ने हमेशा स्वीकार किया है। श्री चम्पालाल जी ने यह भी कहा कि जिस युग में उन्होंने व्यापार किया वह सतयुग या व्यापार का स्वर्ण युग था, जहां पूर्ण पारदर्शिता अघोषित नियम था। उत्पादों के बारे में सटीक विवरण साझा करना और जो कहा गया था वही बेचा जाये, यही नियम था। व्यवसाय करने में कोई विसंगति नहीं थी और भुगतान भी निर्धारित समय सीमा के भीतर कर दिए जाते थे।

श्री चम्पालाल जी के अनुसार व्यापार करने और संबंधों को निभाने की समृद्ध विरासतों के साथ सद्भावना और उचित व्यापार प्रथाओं को कायम रखना व्यवसाय के सबसे बुनियादी नियम हैं। नई पीढ़ियों को व्यापार की इस विरासत और इतिहास को जानने और व्यापार के सतयुग को फिर से बनाने के लिए प्रयासरत रहने की आवश्यकता है।

# श्री चन्द्र प्रकाश जी अग्रोया



## आभूषण व्यापार की कसौटी है विश्वास

अपने कॅरियर की शुरुआत सन् 1964 में सिंथेटिक स्टोन्स से करने वाले श्री चन्द्र प्रकाश जी अग्रोया ज्वैलरी के क्षेत्र में जाना-पहचाना नाम है, जिन्हें रत्न व्यवसाय पर अपनी मजबूत पकड़ के लिए जाना जाता है। श्री अग्रोया जी के अनुसार वह वर्ष 1973 में सिंथेटिक स्टोन के बाजार में गिरावट के कारण रत्नों के व्यापार में उतरे। इस दौरान पन्ने की गुणवत्ता और मूल्य निर्धारण को सीखते हुए ब्रोकर बनने का फैसला किया। अपनी बात पर अडिग रहने वाले श्री चन्द्र प्रकाश जी ने ईमानदारी से विक्रेताओं और खरीदारों की प्रतिष्ठा को बरकरार रखा और दोनों पक्षों के बीच सौदा करने की जिम्मेदारी को बखूबी निभाया।

श्री अग्रोया जी के मुताबिक जयपुर के ज्वैलरी ट्रेड को बढ़ाने में ब्रोकरेज सिस्टम महत्वपूर्ण है, यह विश्वास के सिद्धान्त पर काम करता है। एक मौखिक बातचीत विक्रेता, खरीदार और दलाल इन तीनों के लिए पर्याप्त रहती थी और उसी को बाध्य मान कर सौदा पूरा किया जाता था। उस समय काम कैसे होता था, इसकी जानकारी देते हुए श्री चंद्रप्रकाश जी ने बताया कि पहले रत्न की मांग बताई जाती थी या विक्रेता अपने पास रखे स्टॉक की जानकारी देते थे। ब्रोकर विक्रेता और खरीदार के बीच संवाद कराते थे। निर्धारित भाव ताव के बाद दोनों पक्षों की प्रतिष्ठा को ध्यान में रखते हुए आपसी सहमति के बाद सौदा पूरा करवाते थे।

पूरे सौदे को अत्यंत विश्वास और सामंजस्य के साथ किया जाता था। दलाल को सौदे का पूर्व निर्धारित मेहनताना दिया जाता था। उल्लेखनीय बात यह है कि सौदे को पूरा करने के लिए दलालों को खरीदारों और विक्रेताओं के मूड को भांपने में सक्षम होना और बातचीत में कुशल होना जरूरी था। उनकी यह क्षमता सौदा होने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती थी।

एक ऐसे युग में जहां कोई स्मार्ट फोन या इंटरनेट नहीं था और कोई प्रदर्शनियां आयोजित नहीं की जाती थीं, दलाल ही वे लोग थे जो विक्रेताओं के माल के बारे में जानकारी रखते थे और वे इच्छुक खरीदारों तक उसकी जानकारी पहुंचाते थे। चाहे मूल्यवान रत्न हो, या फिर मध्यम स्तरीय मूल्यवान रत्न, रत्न आभूषण, सोने के आभूषण या चांदी के आभूषण हो, लोग दलाल से ही सौदा आगे बढ़ाने को कहते थे। श्री चंद्र प्रकाश जी ने बताया कि उस समय यहीं एक तरीका और व्यवस्था थी।

# दुनिया का सबसे बड़ा पन्ना "चिपमबेले"!





खनिज सम्पदा से भरपूर अफ्रीका की धरती ने एक बार फिर से बेशकीमती रत्न उगला है। दुनिया की दिग्गज खनन कम्पनी जेमफील्ड्स को खनन के दौरान जाम्बिया की काजेम खदान से यह नायाब रत्न मिला है। कम्पनी के इतिहास में यह अब तक का सबसे बड़ा पन्ना है, जो 7,525 कैरेट या 1,505g का है। कम्पनी की ओर से जारी आधिकारिक जानकारी के अनुसार गत 13 जुलाई को काजेम खदान से इसे निकाला गया था और जिसकी जानकारी हाल ही में साझा की गई ।

इसकी विशालता को देखते हुए स्थानीय भाषा में इस रत्न को नाम 'चिपमबेले' (बेम्बा भाषा का शब्द, जिसका अर्थ गैंडा होता है।) दिया गया है। इस रत्न की खोज भूविज्ञानी मानस बनर्जी और रिचर्ड कापेटा ने की है। आमतौर पर 1000 कैरेट से ज्यादा के रत्न मिलने दुर्लभ होते है। उल्लेखनीय है कि काजेम खदान दुनिया की एकमात्र खदान है, जहां विश्व में सबसे ज्यादा पन्नें का खनन किया जाता है।

**जैमफील्ड्स को जाम्बिया की काजेम पन्ना खदान से मिला बेशकीमती रत्न**

**7,525 कैरेट या 1,505g का वजन बना विशेषता**

**नीलामी से होने वाली आय से काले गैंडों का संरक्षण होगा**

काजेम सॉर्ट हाउस के असिस्टेंट मैनेजर जैक्सन मठूंगा ने बताया कि यह रत्न शीशे की तरह दिख रहा है और इसका रंग हरा है। इस रत्न को कंपनी की ओर से होने वाली अगली नीलामी में नीलाम किया जाएगा, जो इसी महीने हो सकती है। इस नीलामी से प्राप्त होने वाली राशि के एक हिस्से से यहां पाए जाने वाले काले गैंडे का संरक्षण किया जाएगा। इसके अलावा इस राशि का शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका से जुड़ी योजनाओं में भी सदुपयोग किया जाएगा।

JEWEL OF AFRICA
Mining • Jewellery Manufacture • Retail • Certification
× GEMFIELDS

# जैमफील्ड्स के सामाजिक सरोकार से संवरेगा नन्हों का भविष्य

## कॉन्टिनेन्टल केलिडोस्कोप में 100 पेंडेंट के लिमिटेड एडिशन में नजर आएगा खूबसूरत अफ्रीका महाद्वीप






जैमफील्ड्स की ओर से अफ्रीकी देशों में सामाजिक सरोकार के जरिए न सिर्फ बच्चों का भविष्य संवारा जा रहा है, बल्कि युवाओं के भविष्य को भी सुनहरा बनाने की पहल की जा रही है। इस कड़ी में जैमफील्ड्स द्वारा प्रायोजित ऐतिहासिक ट्रायोलॉजी की तीसरी पुस्तक 'सफायर' के पूरा होने पर ज्वैल्स ऑफ अफ्रीका के साथ सामाजिक सरोकार की शुरुआत की गई। लेखक जोआना हार्डी की 'द बिग थ्री' किताबों के रूप में मशहूर ट्रॉयोलॉजी में पहली किताब रूबी, दूसरी एमरल्ड के बाद तीसरी पुस्तक सफायर पूरी हो गई है। बीते एक दशक से भी अधिक समय से इन शोधपरक किताबों का लेखन किया जा रहा था। इसके तहत एमरल्ड को वर्ष 2013 में और रूबी को वर्ष 2017 में प्रकाशित (रिलीज) किया गया, जबकि हाल ही इस सीरिज की तीसरी किताब सफायर पूरी हुई है।

इस अवसर पर जैमफील्ड्स ने अफ्रीका महाद्वीप के आकार का एक प्रतीकात्मक कॉन्टिनेन्टल केलिडोस्कोप में 100 पेंडेंट के सीमित संस्करण को तैयार करने के लिए ज्वैल्स ऑफ अफ्रीका के साथ भागीदारी की। इन पेंडेंट की बिक्री से होने वाली आय के जरिए मोज़ाम्बिक के काबो डेलगाडो प्रांत में विद्रोह से विस्थापित हुए बच्चों और युवाओं के लिए एक नई कंप्यूटर लैब का निर्माण करवाया जाएगा। नई कंप्यूटर लैब का निर्माण जैमफील्ड फाउंडेशन द्वारा किया जा रहा है, जो जैमफील्ड्स की धर्मार्थ शाखा है। यह फाउंडेशन अफ्रीका में समुदायों के संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है।

अफ्रीका में दुनिया की सबसे बड़ी माणक की खान (मोजाम्बिक) और दुनिया की सबसे बड़ी पन्ना की खान (जाम्बिया) है। पिछले दशक से यह महाद्वीप पन्ना और माणक में दुनिया का नंबर एक निर्यातक रहा है। ऐसे में जैमफील्ड्स अब अपने रत्न खनन की हैट्रिक को पूरा करने के लिए तत्पर है और अपने सबसे खूबसूरत खनिज संसाधन रंगीन रत्नों के माध्यम से अफ्रीकी मेजबान देशों के योगदान को आगे बढ़ा रहा है। इसके लिए जैमफील्ड्स ने नीलम रत्न को अफ्रीका में एकत्र करने के अवसरों को तलाशा हैं , जिससे हैट्रिक के जरिए अफ्रीका को तीन प्रमुख रत्नों में अव्वल निर्यातक बनाया जा सके।

खूबसूरत ज्वेल्स ऑफ अफ्रीका एवं जैमफील्ड्स की अद्भुत भागीदारी की शुरुआत एक सितंबर 2021 से हुई और इस महीने का बर्थस्टोन भी नीलम को ही माना जाता है। ज्वेल्स ऑफ अफ्रीका एवं जैमफील्ड्स के पेंडेंट में 0.20 कैरेट राउंड जाम्बियन पन्ना, 0.12 कैरेट मोजाम्बिक माणक और 0.12 कैरेट नीलम है, जो अफ्रीका के 18-कैरेट गोल्ड के मानकों के अनुसार है।

ज्वेल ऑफ अफ्रीका एक परिवार द्वारा संचालित व्यवसाय है, ये जाम्बिया के प्रमुख आभूषण निर्माता और पन्ना खनन के विशेषज्ञ हैं। द ज्वेल ऑफ अफ्रीका एक्स जैमफील्ड्स पेंडेंट को वेबसाइट 'द अल्केमिस्ट्री.कॉम' पर खरीदा जा सकता है।






# माणक नीलामी








हमनें फ्यूरा जेम्स के श्री रूपक सेन से हाल ही सम्पन्न हुए नीलामी कार्यक्रमों के बारे में चर्चा की।

**सवाल: जयपुर और बैंकॉक में माणक की पिछली नीलामी कैसी, और कितनी सफल रही ?**

**जवाब:** इन दो शहरों में हुई नीलामी में कुल 81 ग्राहकों ने भाग लिया। नीलामी के लिए रखे गए 47 लोट्स में से 35 की बिक्री हुई। उच्च से मध्यम स्तरीय मैटेरियल की बिक्री हुई। जो कीमत हमें मिली है, उससे हम बेहद खुश है।

**सवाल: इस नीलामी में आप अपने अनुभव को कैसे देखते है?**

**जवाब:** लोगों की भागीदारी अच्छी थी। ग्राहकों को प्रोडक्ट और खासतौर पर कलर पसंद आए। अधिकतर ग्राहकों ने कहा कि इनका कलर बर्मा की मोगोक खान से आने वाले माणकों के जैसा है। यह हमारी रूबी की पहली नीलामी थी और इस दौरान हमें जो परिणाम मिले, वो वास्तव में काफी खुश करने वाले थे।

**सवाल: आने वाले वर्ष के बारे में आप क्या कहना चाहेंगे? निकट भविष्य में आपको किस तरह की ग्रोथ की उम्मीद है?**

**जवाब:** आने वाला समय जेम स्टोन के लिए बेहद सकारात्मक है। यूएसए, चीन और भारत के बाजारों में हम बड़ी रिकवरी देख रहे है। ब्रिकी वापस कोविड के पूर्व के स्तर पर आ गई है। हमें आशा है कि भविष्य में बाजार इसी तरह अनवरत वृद्धि करेगा।

**सकारात्मक रूझानों और काम में जबरदस्त वृद्धि की उम्मीदों के साथ हम भविष्य को लेकर काफी उत्साहित है। आगामी 2022 में हमारे शोज को लेकर हम तैयार है और हमें आशा है कि हमारी उम्मीदें पूरी होगी।**



# मैं अकेली चली और कारवां बनता गया...

दिल की सुनकर राह चुनने वाली सोशल मीडिया की स्टार प्रीता अग्रवाल से खास बातचीत. सोशल मीडिया में इन्फ्लुएंसर्स की वर्किंग स्टाइल और ज्वैलरी के अपकमिंग ट्रेंड्स के बारे में खुलकर रखी राय

## प्रीता अग्रवाल

मैं अकेला ही चला था जानिब-ए-मंज़िल मगर, लोग साथ आते गए और कारवाँ बनता गया...। उर्दू के इस मशहूर शेर जैसी ही जिन्दगी है सोशल मीडिया की स्टार प्रीता अग्रवाल की। सोशल मीडिया सरीखे प्लेटफॉर्म के जरिए ज्वैलरी के कद्रदानों के बीच अपनी एक खास पहचान रखने वाली प्रीता मौजूदा दौर में ज्वैलरी के क्षेत्र की उन चंद महिलाओं में है, जो ज्वैलरी की बारीकी से समझ रखती है। यहीं नहीं, ज्वैलरी के बारे में उनके द्वारा दी गई राय को दस, बीस नहीं, बल्कि हजारों की तादात में ज्वैलरी लवर्स फॉलो भी करते है। यहीं वजह है कि इंस्टाग्राम पर आज उनके करीब 47 हजार से अधिक फॉलोवर्स है और दिनोंदिन उनकी फैन फॉलोइंग में इजाफा हो रहा है।

ज्वैलरी के फील्ड में बीते करीब 15 सालों से सक्रिय और गहनों के प्रति गहरी समझ रखने वाली प्रीता से उनके कॅरियर और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स के तौर पर उनकी भूमिका के बारे में हमनें खुलकर बात की। पेश है उनसे हुई खूबसूरत बात के चुनिंदा अंश...

**प्र. आप एक जानी-मानी सोशल मीडिया इन्फ्लुएन्सर हैं। आपने किस तरह शुरुआत की?**

उ. मैंने वर्ष 2007 में एक ज्वैलरी डिजाइनर के रूप में शुरुआत की। एनआईएफटी गांधीनगर से पोस्ट ग्रेज्युएशन करने के बाद, मुझे तनिष्क और गंजम जैसे प्रतिष्ठित ब्रांड्स के डिज़ाइन स्टूडियोज में काम करने का सौभाग्य मिला। लेकिन मैंने महसूस किया कि मेरी रुचि ज्वैलरी के मार्केटिंग क्षेत्र में है। इसके बाद मैंने कई अंतर्राष्ट्रीय मैगजीन्स में ज्वैलरी के बारे में लिखना शुरू किया, इवेंट्स का आयोजन किया और फोटो शूट में सहयोग किया। यह इंस्टाग्राम से पहले की बात है, जब मैं अपनी वेबसाइट के लिए भी ब्लॉग लिखा करती थी।




प्रीता अग्रवाल द्वारा ज्वैलरी पर पांच किताबें लिखी जा चुकी है।

2014 में मैंने मेरा इंस्टाग्राम पेज शुरू किया और आज दुनियाभर के 47 हजार से ज्यादा ज्वैलरी के प्रशंसक इससे जुड़े हुए हैं। पिछले 15 सालों के इस सफर में मैंने ज्वैलरी पर पांच कॉफी टेबल बुक लिखी हैं और मुझे लंदन में इन्टरनेशनल ज्वैलरी शो में लीडिंग लाइट्स अवार्ड्स में 'ब्लॉगर ऑफ द ईयर 2019' का अवार्ड भी मिला। एक इन्फ्लुएन्सर होने के साथ ही, देश-विदेश के कई प्रतिष्ठित ब्रांड्स के लिए एक ज्वैलरी स्पेशलिस्ट/कंसल्टेंट के रूप में भी आज मैं काम कर रही हूं।

**प्र. मौजूदा दौर में इन्फ्लुएन्सर की क्या भूमिका है?**

उ. सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स एक तरह से नए जमाने का



वर्ष 2019 में "ज्वैलरी ब्लॉगर ऑफ द ईयर" के पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है।

मीडिया है। जो प्रोडक्टस हम पसंद करते हैं और जिनसे जुड़े हुए हैं, उन्हें हम अपनी स्टाइल में शोकेस करते हैं और इन्हें क्रिएटिव(रचनात्मक) तरीके से ऑडियंस तक पहुंचाते हैं। इसे कॉन्टेंट क्रिएशन कहते है। ऐसे कंटेन्ट से दर्शक ज़्यादा संख्या में जुड़ने लगे हैं और आज के सोशल मीडिया युग में मार्केटिंग का यह तरीका लोगों को ज्यादा प्रभावित करता है।

**प्र. आपकी सोशल मीडिया प्रजेन्स से किसे फायदा होता है और कैसे?**

उ. मेरे ऑडियंस ज्वैलरी कंज्यूमर्स, कलेक्टर्स, वैश्विक ज्वैलरी ब्रांड्स और डिजाइनर्स हैं। मैं नए ब्रांड्स, डिजाइन और टैलेंट को दर्शकों के सामने रखती हूं, जिससे उन्हें उस प्रोडक्ट के बारे में उत्सुकता होती है।



पास्कल ब्रूनी द्वारा निर्मित एक अंगूठी के लिए हैंड मॉडलिंग।

**प्र. आपके कौनसे प्रोजेक्ट शानदार रहे हैं?**

उ. मुझे दुनिया के जाने माने ज्वैलरी ब्रांड्स के साथ काम करने का सौभाग्य मिला। कुछ सालों पहले मुझे 'द ज्वैलरी इंटेन्सिव' प्रोजेक्ट मिला। इससे मुझे दुनियाभर के युवा ज्वैलरी प्रोफेशनल्स के साथ कई देशों




दोहा ज्वैलरी एंड वॉच एग्जिबिशन के दौरान

की यात्रा का मौका मिला। इस दौरान सुबह लंदन के वैन क्लीफ एंड अर्पेल्स और शाम को पेरिस के डेविड मोरिस में उत्कृष्ट ज्वैलरी के साथ बिताया समय बेहद यादगार रहा। हमनें तीन चरणों में इस तरह की वैश्विक यात्रा की और अगली यात्रा की तैयारी चल रही है।

### प्र. ज्वैलरी में वर्तमान में क्या ट्रेंड हैं?

उ. दुनियाभर में इस समय कलर्ड जेमस्टोन्स (रंगीन रत्न) का चलन चरम पर है। कलर्ड ग्रेडिएशन के साथ कैल्सेडोनी, एक्वाप्रेज और पैरीडॉट जैसे अर्ध मूल्यवान रत्नों का इस्तेमाल अब होने लगा है, ऐसा लगता है की उच्च स्तरीय ज्वैलरी की दुनिया ने कलर्ड जेमस्टोन्स को पहले से कहीं ज़्यादा अपना लिया है।

### प्र. क्या सोशल मीडिया के प्रभाव का एकदम सही आंकलन किया जा सकता है, कैसे?

उ. रेगुलर वर्किंग और क्वालिटी कंटेन्ट से सोशल मीडिया के प्रभाव का आंकलन किया जा सकता है। हो सकता है कि कम समय में अच्छे नतीजे नहीं मिले, लेकिन कुछ महीने काम करने पर आपको नतीजे मिलने लगते है। शॉर्ट टर्म प्रमोशन के लिए बहुत से इंफ्लुएंसर्स के साथ काम करने के बजाय लंबे समय तक एक या दो इंफ्लुएंसर्स के साथ काम करना ज्यादा बेहतर है। इससे ऑडियंस की दिलचस्पी और आपकी वेल्यू दोनों में बढ़ोतरी होती है। जरूरी है कि ऐसे इन्फ्लुएन्सर को पहचानें, जिसका वर्किंग स्टाइल आपके अनुरूप है और उन्हें अपनी स्टाइल में आपके ब्रांड को दुनिया तक पहुंचाने दें।



DIAMOND NECKLACE
**Raniwala 1881**



EMERALD POLKI NECKLACE
**Valentine Jewellery Pvt. Ltd**

# ट्रेंडी अफेयर्स

आपके लिए हम लाए है गहनों की दिलकश दुनिया से अद्भुत और दिल को लुभाने वाली कलाकृतियां, जिनकी सुंदरता मन मोह लेगी। प्रस्तुत है दमकती कलाकृतियों का खूबसूरत संग्रह।



EMERALD BANGLE
**Raniwala 1881**



DIAMOND RING
**Awesome Sparklers**



POLKI RING
**Charu Jewellers**



RUBY EARRINGS
**OPH Jeweller**



GOLD NECKLACE
**C. Krishniah Chetty & Sons**



EMERALD NECKLACE
**Canarys Jewellery**



POLKI NECKLACE
**MRK Jewels Pvt. Ltd.**



POLKI EARRINGS
**Charu Jewels**



ACCESSORY JEWELLERY
**Achal Jewels Pvt. Ltd.**

DIAMOND EARRINGS
**C. Krishniah Chetty & Sons**





EMERALD DIAMOND EARRINGS
**Valentine Jewellery Pvt. Ltd**



POLKI NECKLACE
**Raniwala 1881**



GOLD NECKLACE
**HeeraLaxmi Jewellers**



RUBY EARRINGS
**Canarys Jewellery**



DIAMOND EARRINGS
**Lala Purshottam Das Jewellers**



EMERALD BRACELET
**OPH Jewellers, Delhi**



EMERALD EARRINGS
**Royal Gems & Jewels**



EMERALD NECKLACE
**Raniwala 1881**



DIAMOND PENDENT
**Achal Jewels**



YELLOW DIAMOND EARRINGS WITH
MOTHER OF PEARL AND DIAMONDS
**Gem Plaza**



POLKI RING
**Sunil Jewellers**



OPEN SETTING JEWELLERY
**Jaipur Ratna**



SIGNET RING
**Lunaya**



EMERALD
**C.I. Bogota Emerald Mart S.A.S.**



ART DECO CLASSICAL GEOMETRIC DIAMOND AND EMERALD WREATH
**Birdhichand Ghanshyamdas**



EMERALD NECKLACE
**Raniwala 1881**



T-BAR NECKLACE
**Lunaya**



POLKI EARRINGS
**Kinu Baba Jewellery India Pvt. Ltd.**



CURLED BLOSSOM
**Savio Jewellery**



EMERALDS
**Nakshatra Gems**





PINK TOURMALINE
**Lunawat Gems**

EMERALD DROP BEADS
**Ramnarain & Co.**



TURQUOISE
FROM ARIZONA
**National Facets**

AQUAMARINE
**Lunawat Gems**





EMERALDS
**C.I. Bogota Emerald Mart S.A.S.**

EMERALDS
**C.I. Bogota Emerald Mart S.A.S.**





BLUE TOPAZ
**RMC**



RUBELLITE
**RMC**

ROUGH EMERALD
**Mukesh Vijay**



# डिज़ाइन स्पीक

कलाकार की आत्मा का प्रतिबिंब है उसकी खूबसूरत रचना। यहां हम जयपुर स्थित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ जेम्स एवं ज्वैलरी के छात्रों द्वारा बनाए गए नायाब डिजाइंस को शोकेस कर रहे है। पेश है आकर्षक और क्रिएटिव कलेक्शन।
















| क्र.सं. | डिजाइनर | विषय | ईमेल |
|---|---|---|---|
| 1. | अजय चोपदर | हनी कोम्ब | ajaychopdarr@gmail.com |
| 2. | आयुष शर्मा | द व्हाइट ब्यूटी | sharmajiayush212@gmail.com |
| 3. | गौरव मंघनानी | कोनिफर कोन्स | gauravajmer2001@gmail.com |
| 4. | इशिका अग्रवाल | मुग़ल | ishikaagarwal6199@gmail.com |
| 5. | लीना शर्मा | पीकॉक | leenasharma2233@gmail.com |



















| क्र.सं. | डिजाइनर | विषय | ईमेल |
|---|---|---|---|
| 6. | नीतिका सिन्हा | लोटस | nitikaasinha2000@gmail.com |
| 7. | शिवांजली मेदतवाल | द बारोक्यू मिडो | shivanjali96.medatwal@gmail.com |
| 8. | सोमेश चौहान | वाइकिंग | someshchouhan553@gmail.com |
| 9. | तुषार पाटनी | पाम जुमेराह | tusharpatni499@gmail.com |
| 10. | वंशिका अग्रवाल | पर्शियन अफेयर | vanshikagrawal1510@gmail.com |
| 11. | यश अग्रवाल | आर्ट नौवेयू | yashagarwal3030@gmail.com |


Savio
Jewellery
Bringing in the vigour of creativity
with skilful craftsmanship to create magic
in jewellery making
CORPORATE OFFICE: 223-224, 1st Floor, Apex Mall, Lalkothi, Jaipur-302015, INDIA, Tel: 0141-4012211
FACTORY: E-71, Jewellery Zone, Sitapura Industrial Area, Jaipur-302022, INDIA, Tel: 0141-2771970
E: saviojewellery@gmail.com, W: www.saviojewellery.com
saviojewellery
jewellerysavio


ACHAL
Jewels
Meticulously crafted jewels!
Address:
Achal Bhawan, D-149A, Savitiri Path, Bapu Nagar, Jaipur, Rajasthan 302015
achaljewels | Achaljewels | office@achaljewels.com



NAKSHATRA GEMS

ASHOK MAHESHWARI (BAGLA)


Secretary

Jewellers Association, Jaipur


NAVEEN SHARDA

302, Kasturi Palace, K.G.B. Ka Rasta, 1st Crossing,
Johari Bazar, Jaipur - 302003 (Raj.) India

(+91) 99294 47497, 98282 49959, 141-4014974, 141-4034600
Email: ashokmaheshwari302@gmail.com
Website: www.nakshatragems.in


NATIONAL
FACETS
JAIPUR
SINCE 1980
BEADS
CUTS
CABS
CARVINGS
Number -1, Shopping Center, Janta Colony, Jaipur-302004, Rajasthan, India
+91-141-4933327, info@nationalfacets.com
www.nationalfacets.com

RNC GEMS
1987
(RAM NARAYAN & COMPANY)



HOUSE OF FINEST
# EMERALDS

Emerald & Rubylite Necklaces | Precision Cut Emeralds | Fine Emerald Carvings
Wide Array of Emerald Cabochons | Calibrated Emeralds

+91 9680632730 / 9828011414

ramnarayanco501@gmail.com | /rncgems

**RAM NARAYAN & COMPANY**

501, SHYAMAL, ADARSH NAGAR, BEES DUKAN, JAIPUR, RAJASTHAN

# GEM PLAZA

MAGNIFICENT JEWELS



Crafting your Connections with Colour

Factory:
G-1/21-23, Gems & Jewellery Zone
EPIP, Sitapura,Jaipur-302022,India
t:+91 141 2770535
e: mail@gemplaza.net

Flagship store:
Khetan Bhawan,M.I.Road,
Jaipur - 302001, India
t:+91 141 2367948
e: showroom@gemplaza.net

www.gemplaza.net




BIRDHICHAND GHANSHYAMDAS

JEWELLERS

Jaipur - 9, Lakshmi Complex, M.I. Road | T: +91-141-2379228 | E: jaipur@birdhichand.com
New Delhi - D 21, Defence Colony | T: +91-141-40115623, 40115624 | E: delhi@birdhichand.com
www.birdhichand.com

ROYAL
GEMS & JEWELS



A FINE REFLECTION OF
LUXURY AND EXCELLENCE

Fine Jewellery Boutique Store.
135, M. I. Road, Jaipur- 302001 INDIA

Phone:+91-141-4901188, Mobile: +91-98292-66772, Email: info@royalgemsandjewels.com
Website: www.royalgemsandjewels.com

ICE No. 1388002949
GSTIN: 08ABIPV9663K1ZO

Off. (0141) 2616191
Rakesh Kumar Vijay: 94140 46201
Mukesh Vijay: 94140 77173
Email ID: 123muk@gmail.com

# RAKESH KUMAR VIJAY

C-66, Saket Colony, Adarsh Nagar, Jaipur- 302 004 (INDIA)

"1996-97 & 97-98 GJEPC EXPORT AWARD WINNER"

Manufacturers, Exporters & Importers
PRECIOUS & SEMI- PRECIOUS ROUGH STONE
**Specialist in : All Kinds of Precious & Semi- Precious Rough**



## Our Branches:

**ROLLY GEMS INC.**
48 West 48th Street Suite No. 1409,
NEWYORK- NY10036
Contact: 803-379-2121
Email ID: roallygems@gmail.com

**SHREE NATH GEMS P. LTD. JAIPUR**




JR

JAIPUR RATNA

BY ANUJ GEMS & JEWELLERY

453, Mawa Wala Complex, Lal ji Saand Ka Rasta,
Chaura Rasta, Jaipur - 302003
Tel: +91 141 2310085 | M: +91 95870 17555, +91 95872 96666
E : Sc@jaipurratna.com, crm@jaipurrtana.com | W : www.jaipurratna.com

/jaipurratna /jaipurratna

GJEPC INDIA

GTL GEM TESTING LABORATORY SINCE 1972

ESTABLISHED BY **GJEPC**, A BODY UNDER
**MINISTRY OF COMMERCE & INDUSTRY, GOVERNMENT OF INDIA**

# WHEN YOU PUT YOUR TRUST IN US, WE SET IT IN STONE!

## GEM IDENTIFICATION | DIAMOND GRADING

### NOW IN SITAPURA WITH WORLD-CLASS LABORATORY INFRASTRUCTURE







- Bigger and secured premises
- Advanced laboratory with new state-of-art equipment
- Arrangement of Door-to-Door pick-up and Delivery of Samples (at a meagre charge)
- **New services in the pipeline**
  - Certification of Origin of Rubies, Sapphires and Emeralds
  - Certification of Pearls

**COLLECTION CENTRE AT**

**3RD FLOOR, RAJASTHAN CHAMBER BHAWAN,**
M.I. ROAD, JAIPUR

*Contact for more details*

**GEM TESTING LABORATORY**
**(THE GEM & JEWELLERY EXPORT PROMOTION COUNCIL)**

SP-111, R.K. Derewala Tower, KGK Campus, Near SEZ Phase 1,
Sitapura Industrial Area, Jaipur 302022
www.gtljaipur.info | gtl@gjepcindia.com
TEL: +91-141-2770995, 2941470


JEA
Jewellery
Eminence
Awards
14th Jewellery Design Competition
Presented By
jas
JEWELLERS ASSOCIATION SHOW
ENTRIES OPENING
SHORTLY
www.jasjaipur.com/JEAwards
JEWELLERS' ASSOCIATION
JAIPUR
SINCE 1927
252, Johari Bazar, Jaipur
Ph: +91 141 4034112, 113, 2563829
Email: info@jasjaipur.com

# विशेष योजना
## जयपुर ज्वैलर्स असोसिएशन के सदस्यों और उनके परिजनों के लिए

# विशेष योजना
## जयपुर ज्वैलर्स असोसिएशन के सदस्यों और उनके परिजनों के लिए